हरिभूमि
# रायपुर भूमि



## महंगे टिकटों का नहीं मिल रहा कोई खरीदार

टिकटों की बिक्री के आंकड़ों पर गौर करें तो 2500 और 3500 रुपये वाले टिकटों में केवल 50 से 100 सीटें ही बची हैं, लेकिन महंगे टिकटों का हाल बेहाल है। 8 हजार से लेकर 15 हजार रुपये तक की प्रीमियम सीटें अब भी पूरी तरह खाली पड़ी हैं और इन्हें कोई खरीदार नहीं मिल रहा है। मैच शुरू होने में अब बहुत कम समय बचा है। ऐसे में अगर मैच शुरू होने तक ये टिकट नहीं बिके, तो लाइव ब्रॉडकास्ट के दौरान स्टेडियम के तीन बड़े स्टैंड्स दर्शकों के बिना बिल्कुल सूने नजर आएंगे, जो इस महामुकाबले के रोमांच को थोड़ा फीका कर सकते हैं।

# मुंबई के बाद आरसीबी-केकेआर मैच का उतरा बुखार हजारों टिकट अब भी उपलब्ध, खाली पड़े हैं तीन बड़े स्टैंड

### 8 हजार से लेकर 15 हजार रुपये तक की प्रीमियम सीटें अब भी पूरी तरह खाली

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच अहम महामुकाबला खेला जाना है, लेकिन क्रिकेट फैंस के बीच इस मैच को लेकर वह क्रेज नहीं दिख रहा है, जो 10 मई को आरसीबी और मुंबई इंडियंस के मैच के दौरान देखा गया था। मुंबई के खिलाफ मैच के 2500 से लेकर 5000 रुपये तक के टिकट चंद मिनटों में ही खत्म हो गए थे, लेकिन केकेआर के खिलाफ होने वाले इस मैच के हजारों टिकट अब भी उपलब्ध हैं। आरसीबी की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, मैच के कुछ ही घंटे बचे होने के बावजूद हजारों सीटें अब भी नहीं बिक पाई हैं। स्टेडियम के 8 स्टैंड्स की सीटें पूरी तरह से फुल नहीं हुई हैं। सबसे बुरा हाल 'सन फार्मा' स्टैंड का है, जहां 5 हजार से अधिक सीटें अब भी खाली पड़ी हैं। इसके अलावा 'नथिंग' और 'एनएसई' स्टैंड्स की हालत भी खस्ता है, जहां अब तक मात्र 10 प्रतिशत सीटें ही बिक पाई हैं।

## टिकट दलालों का छूटा पसीना

आरसीबी और कोलकाता नाइट राइडर्स के मैच को लेकर दर्शकों में उत्साह कम होने का सीधा असर टिकटों की कालाबाजारी पर भी पड़ा है। टिकटों की मांग में आई भारी गिरावट को देखते हुए अधिक मुनाफे की आस में पहले से टिकट खरीदकर बैठे दलालों ने भी अब अपने दाम घटा दिए हैं। हालात ये हैं कि ब्लैक में महंगे दाम पर टिकट बेचने वाले ये लोग अब मजबूरन ऑनलाइन तय किए गए मूल दामों पर ही टिकट बेचने को तैयार हैं। अपने भारी आर्थिक नुकसान से बचने के लिए ये टिकट दलाल अब सोशल मीडिया का सहारा ले रहे हैं। वे टिकट बेचने के लिए अलग-अलग पेजों पर जमकर प्रचार कर रहे हैं और लोगों की पोस्ट पर कमेंट करके कम रेट या डिस्काउंट में टिकट देने का दावा व ऑफर पेश कर रहे हैं, ताकि किसी भी तरह उनका फंसा हुआ पैसा निकल सके।


### लोधीपारा चौक खम्हारडीह स्थित ज्वेलरी शॉप में की थी वारदात

# एक नाबालिग गिरफ्तार, दूसरे ने गिरफ्तारी के डर से फांसी लगाई



लक्ष्य ज्वेलर्स में चोरी मामला





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

राजधानी रायपुर के लोधीपारा चौक खम्हारडीह स्थित लक्ष्य ज्वेलर्स में लाखों कीमत के सोने-चांदी के जेवरात की चोरी की घटना के 10 घंटे के भीतर पुलिस ने इस वारदात में शामिल आरोपियों को ढूंढ निकाला। इनमें एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के जेवरात भी बरामद किए गए, लेकिन दूसरे को पकड़ने ढूंढते हुए पुलिस जब उसके घर पहुंची तो उसने गिरफ्तारी के डर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि फांसी लगाने के दौरान मृतक के घर पर ताला लगा हुआ था। वह छज्जे के रास्ते घर के अंदर घुसा और आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि आत्महत्या करने वाला मृतक भी नाबालिग था।

### 40 सदस्यीय टीम गठित, 300 से अधिक कैमरे खंगाले

खम्हारडीह थाना क्षेत्र में लक्ष्य ज्वेलर्स दुकान में लाखों रुपए के सोने-चांदी के आभूषणों की चोरी हो गई थी। इस चोरी की घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कमिश्नर ने आरोपियों को पकड़ने के लिए 40 सदस्यों की टीम गठित की। टीम के सदस्यों को अलग-अलग भागों में बांटकर लोकल इंटेलिजेंस, तकनीकी विश्लेषण, सीसीटीव्ही. कैमरों के फूटेज का अवलोकन से लेकर चोरी के तरीका के आधार पर पूर्व में चोरी के प्रकरण में जेल जा चुके आरोपियों की भी पतासाजी की जा रही थी। पुलिस ने इस जांच के दौरान 300 सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले, जिसमें मिले फूटेजों के आधार पर पुलिस ने इस वारदात में शामिल एक लड़के को गिरफ्तार किया, जो गांधी नगर में रहता है। पुलिस की पूछताछ में उसने चोरी की वारदात को अपने अन्य साथी के साथ अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर उसके कब्जे से चोरी के जेवरात भी जब्त किए हैं।

### आर्म्स एक्ट एवं आधा दर्जन चोरी की वारदातें

पुलिस के अनुसार, मृतक आरोपी के खिलाफ पूर्व में आर्म्स एक्ट तथा आधा दर्जन चोरी के मामले दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि मृतक लक्ष्य ज्वेलर्स में चोरी का मुख्य आरोपी था। वह और कई वारदातों में शामिल रहा होगा, जिसका खुलासा पूछताछ में हो सकता था, लेकिन इससे पहले उसने आत्महत्या कर ली। पुलिस इस मामले में अब मृतक की सभी बहनों से भी पूछताछ करेगी। इसके लिए सभी को थाने में बुलाया गया है।



### दूसरे ने पकड़े जाने से पहले घर में लगाई फांसी

पुलिस के अनुसार इस चोरी की वारदात में शामिल दूसरा आरोपी भी नाबालिग है। वह गांधी नगर में एक किराए के मकान में अपनी चार बहनों के साथ रहता था। उसके माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है। माता-पिता के निधन के बाद कुछ महीनों तक मृतक और उसकी बहनें माना स्थित अपने मामा-मामी के साथ रहते थे, लेकिन उसकी चोरी करने की आदत के कारण मामा ने उसे घर से निकाल दिया था। इसके बाद उसकी सभी बहनें उसे लेकर गांधी नगर में एक किराए के मकान में रहने लगी थीं, लेकिन यहां आने के बाद भी वह अपनी आदत से बाज नहीं आया और लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम देता रहा।

### फांसी पर लटका देख मजदूरों ने दी पुलिस को सूचना

बताया जा रहा है कि पुलिस को पहले ही आरोपी के ठिकाने की जानकारी मिल गई थी। उसके मोबाइल लोकेशन को ट्रेस किया जा रहा था। इसके आधार पर मोबाइल का लोकेशन गांधीनगर ही दिखा रहा था। इसे देखते हुए पुलिस यहां नजर रखे हुए भी थी। बताया जा रहा है कि रात करीब पौने 9 बजे पुलिस को कुछ मजदूरों ने सूचना दी थी कि एक घर में एक युवक फांसी पर लटका दिख रहा है। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो मकान आरोपी का ही निकला, जिसमें पुलिस ने ताला लगाया था। इस मकान से पुलिस ने गांजा और नशीली गोलियां बरामद की थीं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## शादी समारोह में हवाई फायरिंग, पुलिस ने किया केस दर्ज

रायपुर। शादी समारोह के दौरान रायफल से हवाई फायरिंग करने का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ है। इस वीडियो के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, सोशल मीडिया पर 12 मई को महादेवघाट रायपुरा में शादी समारोह के दौरान रायफल से हवाई फायर करने का वीडियो वायरल हुआ है। इस वीडियो में दीपक सिंह एवं अन्य लोग हैं, जो शादी समारोह में भीड़भाड़ की जगह पर सेलीब्रेट करने के इरादे से जानबूझकर अपने लायसेंसी रायफल से हवा में फायर कर रहे हैं। इस फायरिंग से किसी की जान भी जा सकती थी। इस तरह यह लापरवाही के साथ लायसेंस शर्तों का उल्लंघन भी है। पुलिस ने इस मामले में दीपक सहित अन्य लोगों के विरुद्ध धारा-125, 3(5) बीएनएस एवं धारा-30 आयुध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।



# दस साल बाद बदला पदनाम... सिस्टर नहीं अब कहलाएंगी सीनियर नर्सिंग ऑफिसर

### अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने की घोषणा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस पर दस साल बाद पदनाम में बदलाव की घोषणा हुई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने घोषणा की है कि अब नर्सिंग सिस्टर अब सीनियर नर्सिंग ऑफिसर तथा स्टाफ नर्स का नाम नर्सिंग ऑफिसर होगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि नर्स स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं, जो समर्पण भाव से मरीजों की देखभाल कर उन्हें नया जीवन देने का काम करती हैं।

पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि चिकित्सा सेवा में मानवीय संवेदनाओं और सेवा भाव का सबसे बड़ा उदाहरण नर्सिंग स्टाफ प्रस्तुत करता है। उन्होंने कोविड काल ▶▶| शेष पेज 13 पर

### आत्मसम्मान और मनोबल को मिलेगी नई ऊर्जा

नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन पदनाम परिवर्तन की घोषणा के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का आभार प्रकट किया है। एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष डा. रीना राजपूत ने कहा कि यह निर्णय केवल पदनाम परिवर्तन नहीं, बल्कि नर्सिंग सेवाओं के समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा एवं गरिमा को सम्मान एवं पहचान देने वाला ऐतिहासिक कदम है। इससे प्रदेश के हजारों नर्सिंग कर्मचारियों के आत्मसम्मान और मनोबल को नई ऊर्जा मिलेगी। यह घोषणा समस्त नर्सिंग समुदाय के लिए अत्यंत गौरव, हर्ष एवं सम्मान का विषय है।







## नारकोटिक्स एक्ट मामले में फरार आरोपी धरा गया

रायपुर। तिल्दा-नेवरा पुलिस ने पूर्व में सासाहोली स्थित अटल निवास में रेड कार्यवाही कर महिला आरोपी मधु मिश्रा को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से 73 किलोग्राम गांजा, 790 प्रतिबंधित टेबलेट (नाइट्रोसन), नकद राशि 1 लाख 87 हजार रुपए, 6 मोबाइल, 1 टैब कुल अनुमानित कीमत 41 लाख 75 हजार रुपए एवं 3 बटनदार चाकू जब्त किया था। इस प्रकरण में अन्य आरोपियों की पतासाजी करते हुए तकनीकी विश्लेषण के आधार पर ओडिशा निवासी प्रणब कुमार नाइक एवं सफीकुल रहमान खान को ओडिशा से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। पुलिस ने इस प्रकरण में बैकवर्ड/फॉरवर्ड लिंकेज के आधार पर आरोपी सलमान खान उर्फ खुर्शीद आलम को चिन्हांकित उसे गिरफ्तार किया है। खुर्शीद, प्रणव नाईक एवं सफीकुल रहमान के साथ मिलकर मधु मिश्रा को गांजा एवं नाइट्रोसन की बिक्री करता था।

## खबर संक्षेप

### पीएम श्री विद्यालय कूंरा में प्रवेश के लिए निकली लॉटरी

धरसीवां/कूंरा। कक्षा पहली के लिए आयु के आधार पर 5 अपात्र आवेदन को हटाने के पश्चात 94 आवेदनों में से 25% अन्य पिछड़ा वर्ग से, 50% बालिकाओं का व शेष 25% में सभी वर्गों के लिए लॉटरी के माध्यम से समस्त पालको, शाला विकास समिति के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद साहू व अन्य सदस्यों, नगर पंचायत अध्यक्ष गोविन्द साहू जी, उपाद्यक्ष अली राजा भईया, शिक्षको एवम जिला कार्यालय से नामित पर्यवेक्षक श्रीमती शीतल वर्मा, प्राचार्य चरौदा हाई स्कूल, की उपस्थिति में पूर्ण पारदर्शिता से शासन के नियमानुसार निकली जाएगी। संस्था की प्राचार्य सुजाता बहल ने बताया कि महतार दुलार योजना के अंतर्गत प्रवेश हेतु 2 सीट आरक्षित रखी गई हैं जिसमें कोविडी में पीड़ित परिवार के बच्चों को प्रवेश दिया जायेगा। पीएम श्री विद्यालय में प्रवेश लेने वाले बच्चों को अन्य सरकारी स्कूलों की अपेक्षा कई सुविधाओं का लाभ मिलेगा जिसमे उन्हें सत्र के प्रथम दिवस से ही रेगुलर लाइब्रेरी, साइंस प्रैक्टिकल, म्यूजिक, योगा, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, स्पोर्ट्स, वोकेशनल कक्षा, एक्सपोज़र विजिट के साथ-साथ अन्य कई गतिविधियां कराई जायेगी। संस्था में आई आई टी जैसी प्रतिष्ठित संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक है जो कि बच्चों को उनके स्तर अनुरूप उपचारात्मक शिक्षण भी देंगे।

### 5 गांवों को मिली नए उप स्वास्थ्य केंद्रों की सौगात

**अभनपुर।** विधायक इन्द्रकुमार साहू की अनुशंसा पर 15वे वित्त आयोग के अंतर्गत स्वास्थ्य क्षेत्र अनुदान के तहत अभनपुर क्षेत्र मे 5



उपस्वास्थ्य केन्द्रो मे भवन निर्माण की स्वीकृति मिली है। उपस्वास्थ्य केन्द्र टेकारी 28 लाख 51 हजार,उपस्वास्थ्य कोलर 28 लाख 51 लाख,उपस्वास्थ्य केन्द्र पारागांव 28 लाख 51 हजार,उपस्वास्थ्य केन्द्र तामासिवनी,उपस्वास्थ्य केन्द्र चंपारण 28 लाख 51 हजार कुल 1 करोड़ 42 लाख 55 हजार रूपये प्रदान किया गया है। यह उपस्वास्थ्य केन्द्रो मे भवन निर्माण से गांव के लोगो को चिकि त्सीय सुविधा का लाभ मिलेगा एवं ग्रामीणो ने विधायक इन्द्रकुमार के प्रति आभार प्रकट किया है।

### अघोषित आपातकाल जैसे हालात पैदा कर रही सरकार

**अभनपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला



बोलते हुए आरोप लगाया है कि देश में आर्थिक संकट और महंगाई की स्थिति के बीच प्रधानमंत्री की नीतियां ,अघोषित आपातकाल जैसे हालात पैदा कर रही हैं। साहू ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार केंद्र सरकार को अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों, विशेषकर अमेरिका-ईरान तनाव और संभावित युद्ध के असर को लेकर आगाह करते रहे हैं। उन्होंने समय रहते पेट्रोल-डीजल, खाद्य सामग्री, उर्वरक एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता और कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए ठोस तैयारी करने की मांग की थी।

## कार्रवाई : सासाहोली रेड से खुला था तस्करी का राज

# 41 लाख के ड्रग्स मामले में मुख्य सप्लायर खुर्शीद आलम गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

राजधानी रायपुर के तिल्दा-नेवरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के एक हाई-प्रोफाइल मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। नशे के काले कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण और सघन जांच के बाद मुख्य आरोपी खुर्शीद आलम उर्फ सलमान खान को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर गांजा और प्रतिबंधित नशीली गोलियों (नाइट्रोसन टेबलेट) की तस्करी के बड़े सिंडिकेट का हिस्सा होने का आरोप है। इस पूरे मामले की जड़ें 28 जनवरी 2026 को हुई एक छापेमारी से जुड़ी हैं। पुलिस ने वार्ड क्रमांक-22 सासाहोली स्थित अटल निवास में दबिश देकर महिला आरोपी मधु मिश्रा को गिरफ्तार किया था। उस कार्रवाई में पुलिस ने भारी मात्रा में नशीला पदार्थ और अन्य सामग्रियां जब्त की थीं, जिनमें शामिल थे। 73 किलो गांजा और 790 नग प्रतिबंधित नाइट्रोसन टेबलेट। 1 लाख 87 हजार रुपए नगद।

6 मोबाइल फोन, एक टैब और 3 घातक बटनदार चाकू। जब्त की गई कुल सामग्री की



अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 41 लाख 75 हजार रुपए आंकी गई थी।

**तकनीकी जांच और बैकवर्ड-फॉरवर्ड लिंकेज का सहारा :** मधु मिश्रा की गिरफ्तारी के बाद पुलिस शांत नहीं बैठी। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी तिल्दा-नेवरा की टीम ने नशे के इस नेटवर्क की गहराई से जांच शुरू की। पुलिस ने 'बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज' (सप्लाई चेन की कड़ियां) खंगालने के लिए तकनीकी विश्लेषण का सहारा लिया। इसी जांच के आधार पर पहले उड़ीसा निवासी प्रणब कुमार नाइक और सफीकुल रहमान खान को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था।

**सप्लायर खुर्शीद आलम का खुलासा और गिरफ्तारी :** जेल में बंद आरोपियों से पूछताछ और कॉल डिटेल्स के तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने धरसीवा निवासी खुर्शीद आलम उर्फ सलमान खान को चिन्हांकित किया। गिरफ्तारी के बाद कड़ी पूछताछ में खुर्शीद ने स्वीकार किया कि वह प्रणब कुमार और सफीकुल रहमान के साथ मिलकर मधु मिश्रा को भारी मात्रा में गांजा और प्रतिबंधित नशीली दवाइयों की खेप सप्लाई करता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तस्करी में इस्तेमाल की जाने वाली मारुति रिट्ज कार (क्रमांक सीजी 07 एमए 0858) भी जब्त की है, जिसकी कीमत करीब एक लाख रुपए है।

**ड्रग नेटवर्क की एंड-टू-एंड जांच जारी :** तिल्दा-नेवरा पुलिस का कहना है कि यह केवल एक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं है, बल्कि पूरे ड्रग सिंडिकेट को जड़ से उखाड़ने की दिशा में एक बड़ा कदम है। पुलिस अब 'एंड-टू-एंड' जांच कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि नशीले पदार्थों की यह खेप उड़ीसा से छत्तीसगढ़ के किन-किन इलाकों में खपाई जा रही थी। आने वाले दिनों में इस मामले में कई अन्य सफेदपोश तस्करों और स्थानीय सप्लायरों के नामों का खुलासा होने की प्रबल संभावना है।

### जमीन विवाद, पिता पर बीयर की बोतल से हमला मौत, बेटा गिरफ्तार

**आरंग।** जमीन विवाद और पैसों के लेन-देन को लेकर पिता की हत्या करने वाले आरोपी पुत्र को आरंग पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रार्थी जीवनलाल साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 10 मई 2026 की दोपहर करीब 3:30 बजे ग्राम चपरीद के मास्टर चौरा के पास मृतक जहरूराम साहू व अन्य लोग बैठे थे। तभी मृतक का बेटा युवराज साहू साइकिल से पहुंचा और अपने पिता को मां-बहन की गालियां देने लगा। मना करने पर आरोपी ने प्रार्थी जीवनलाल और अपने पिता जहरूराम के सिर व चेहरे पर बीयर की खाली बोतल से वार किया और साइकिल उठाकर पिता के ऊपर पटक दी। गंभीर रूप से घायल जहरूराम साहू की इलाज के दौरान सरकारी अस्पताल आरंग में मृत्यु हो गई। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में आरोपी युवराज साहू, 45 वर्ष, निवासी चपरीद ने बताया कि पूर्व में पिता से जमीन बंटवारे को लेकर विवाद था। पिता ने उसकी झूठी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई थी, जिसकी पेशी चल रही है। हाल ही में जमीन बिक्री के बाद पिता से हिस्सा मांगने पर नहीं देने से विवाद हुआ। 10 मई को गाली-गलौज के बाद गुस्से में आकर उसने घटना को अंजाम दिया। आरोपी युवराज साहू को 12 मई को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे केंद्रीय जेल रायपुर भेज दिया गया है।

### आरंग में मिली 100 वर्ष पुरानी हस्तलिखित पांडुलिपियां



**आरंग।** भारतीय संस्कृति की प्राचीन विरासत को सहेजने के उद्देश्य से भारत सरकार के संस्कृति विभाग द्वारा संचालित ज्ञान भारतम मिशन के तहत आरंग में एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में चल रहे पांडुलिपि सर्वेक्षण के दौरान अग्रवाल पारा निवासी व्यवसायी दीपक साहेब और उनकी धर्मपत्नी शिक्षिका शीला गुरु गोस्वामी के घर से लगभग 100 साल पुरानी दुर्लभ हस्तलिखित पांडुलिपियां प्राप्त हुई हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरंग दिनेश शर्मा को जानकारी देते हुए गुरु गोस्वामी परिवार ने बताया कि ये अनमोल पांडुलिपियां उनके परदादा स्व. भैया साहेब एवं स्व. भाऊ साहेब द्वारा स्वयं लिखी गई थीं। उस दौर में उनके पूर्वज सात्विक ज्ञान यज्ञ, सत्संग, चौका और आरती जैसे आध्यात्मिक कार्यों में लीन रहते थे। आज के आधुनिक युग में भी इन पांडुलिपियों में समाहित ज्ञान भारतीय संस्कृति और परंपराओं का गौरव गान कर रहा है। उनका प्रमुख धर्म क्षेत्र छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध तीर्थ दामाखेड़ा है। यह पांडुलिपियां न केवल पारिवारिक धरोहर हैं, बल्कि कबीर पंथ और छत्तीसगढ़ के आध्यात्मिक इतिहास के लिए भी शोध का विषय हो सकती हैं। आरंग विकासखंड में दुर्लभ पांडुलिपियों को खोजने और उनके संरक्षण का कार्य तेजी से चल रहा है। इस उपलब्धि के दौरान विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुरेंद्र सिंह चंद्रसेन और नवाचारी शिक्षक गण महेंद्र कुमार पटेल एवं अरविंद कुमार वैष्णव सक्रिय रूप से शामिल रहे. प्रशासन का लक्ष्य इन दुर्लभ दस्तावेजों को डिजिटल स्वरूप में सुरक्षित करना है ताकि आने वाली पीढ़ियां अपनी जड़ों से जुड़ी रहें।

## तालाब गहरीकरण की आड़ में चल रहा अवैध मुरम उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

प्रदेश में सुशासन के दावों के बीच खनिज माफियाओं के हौसले पस्त करने के लिए प्रशासन ने अब कमर कस ली है। धरसींवा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत कुंरा, मोहागांव और कुथरेल जैसे ग्रामीण अंचलों में पिछले कई महीनों से सफेदपोशों के संरक्षण में फल-फूल रहे अवैध मुरम उत्खनन के काले कारोबार पर आखिरकार खनिज विभाग का डंडा चल गया है। मंगलवार को खनिज विभाग की टीम ने क्षेत्र में अचानक दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध खुदाई और परिवहन को पकड़ते हुए ताबड़तोड़ कार्यवाही की, जिससे पूरे इलाके के माफियाओं में हड़कंप मच गया है। यह पूरी कार्यवाही क्षेत्रवासियों द्वारा शासन स्तर पर की गई लगातार शिकायतों और खनिज संपदा की सरेआम लूट की खबरों के बाद अंजाम दी गई।

इस पूरे गोरखधंधे की सबसे खास बात यह रही कि माफियाओं ने शासन की 'तालाब गहरीकरण' और 'सफाई' जैसी जनहितकारी योजनाओं को ही अपनी ढाल बना



लिया था। सरकारी नियमों की आड़ लेकर गांव के तालाबों से कीचड़ और लद्दी निकालने के बहाने बड़े-बड़े गड्ढे खोदकर बेशकीमती मुरम निकाली जा रही थी। कुंरा और कुथरेल जैसे गांवों में स्थिति यह थी कि तालाब की सफाई के नाम पर जेसीबी और चैन माउंटेन जैसी मशीनों से दिन-रात खुदाई कर पहाड़ जैसा गड्ढा बना दिया गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि तालाब से निकलने वाली कीचड़ को ठिकाने लगाने के बजाय, माफिया वहां से भारी मात्रा में उच्च गुणवत्ता वाली मुरम निकालकर ऊंचे दामों पर निजी कंस्ट्रक्शन साइटों और ठेकेदारों को बेच रहे थे। श्री उमेश भार्गव खनिज निरीक्षक रायपुर ने कहा की धरसींवा क्षेत्र में तालाब गहरीकरण की आड़ में अवैध मुरम उत्खनन की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए हमने कुंरा और कुथरेल में त्वरित छापेमारी की है। मौके पर बिना वैध अनुमति के खुदाई में लिप्त जेसीबी और डंपरों को जब्त कर छत्तीसगढ़ खनिज नियमों के तहत कड़ी कार्यवाही की जा रही है। शासन की योजनाओं का दुरुपयोग कर राजस्व को चपत लगाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। श्री विद्याभूषण वर्मा सदस्य जिला खनिज न्यास रायपुर छगक्षेत्र में निगरानी बढ़ाकर अवैध परिवहन के नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करने के लिए विभाग अब निरंतर मुस्तैद है। खनिज माफियाओं के विरुद्ध सख्त कार्यवाही का यह अभियान भविष्य में भी इसी संकल्प के साथ निरंतर जारी रहेगा।

## साहू संघ लखना की बैठक में सामाजिक प्रकरणों का निपटारा

**तिल्दा नेवरा।** तहसील साहू संघ तिल्दा के अधीन परिछेत्र साहू संघ लखना की महत्वपूर्ण बैठक सोमनाथ धाम स्थित माँ कर्मा मंदिर प्रांगण में विधिवत रूप से सम्पन्न हुई। बैठक की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं माँ कर्मा जी की पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके बाद सामाजिक प्रकरणों पर चर्चा करते हुए उनका निपटारा किया गया।

बैठक में खैरखूट निवासी ओमप्रकाश साहू को परिछेत्र साहू संघ लखना का समाजसेवक नियुक्त करते हुए नई जिम्मेदारी सौंपी गई। उपस्थित सामाजिकजनों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए समाजहित में निरंतर कार्य करने तथा उज्वल भविष्य की कामना की। बैठक में तहसील साहू संघ के संरक्षक पोषण साहू, अध्यक्ष मनीराम साहू, उपाध्यक्ष गिरेन्द्र साहू सहित विभिन्न परिछेत्रों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान आगामी प्रतिभा



सम्मान कार्यक्रम को लेकर विशेष चर्चा हुई। समाज के पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। सामाजिकजनों ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को सम्मानित करना नहीं, बल्कि शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बढ़ाना और समाज में सकारात्मक एवं रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करना है।

बैठक में सरारीडीह परिछेत्र अध्यक्ष डागेश्वर साहू, बुडेरा परिछेत्र अध्यक्ष योगेश साहू, लखना परिछेत्र अध्यक्ष संतोष साहू, उपाध्यक्ष मुकेश साहू, तखत साहू, बलदाऊ साहू, डॉ. शिवकुमार साहू, मोनेश साहू, रंजीत साहू, दुष्यन्त साहू, डॉ. लेखराम साहू, संगीता साहू, सोनम साहू, रतनी साहू, अरुण साहू, रोमलाल, रामेश्वर साहू, दिनेश साहू, लोकेश साहू, गीतांजली साहू, योगेश्वरी साहू, अंजली साहू, परमेश्वर साहू सहित महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ एवं ग्रामीण पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## इंजीनियर की गिरफ्तारी को लेकर एसपी को ज्ञापन

**धरसींवां / कूंरा।** इंजीनियर की गिरफ्तारी को लेकर लाम बंद हुए प्रदेश नगरीय निकाय कर्मचारी संघ। देवभोग नगर पंचायत में पदस्थ सहायक ग्रेड 03 संदीप चंद्राकर के साथ वहां के इंजीनियर आर श्याम सुंदर पटनायक द्वारा अपने कुछ असामाजिक बाहरी गुंडा तत्वों के साथियों के साथ शराब के नशे में पंचायत कार्यालय में घुसकर कार्यालयीन समय पर मारपीट और अश्लील गाली गलौज किया गया। उक्त घटना के विरोध में और आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी और गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज करने को लेकर नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रदेश पदाधिकारियो द्वारा एसपी गरियाबंद और थाना प्रभारी देवभोग को ज्ञापन सौपा गया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी ने कहा कि उक्त घटना काफी निंदनीय है जिसका संघ पुर जोर से विरोध करता है और पूरे प्रदेश के कर्मचारियों में आक्रोश है। ऐसे झगलाडू इंजीनियर और उसके साथियों के ऊपर गंभीर धाराओं के तहत कार्रवाई होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि अगर एक सप्ताह के अंदर उसकी गिरफ्तारी नहीं होती है। पूरे नगरी निकाय के कर्मचारी देवभोग थाना का



घेराव करेंगे। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला व पुलिस प्रशासन की होगी। साथी ही छत्तीसगढ़ शासन से भी अपेक्षा करते है कि ऐसे कृत्य करने वाले आरोपियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही कार्रवाई होनी चाहिए। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से संघ के प्रदेशाध्य राजेश सोनी, प्रदेश महामंत्री सुभाष सोनकर, बस्तर संभाग के महामंत्री विनोद यादव, महासमुंद जिला उपाध्यक्ष कमलजीत सलूजा, प्रदेश प्रवक्त ललित साहू सोनू टांडी और निकाय के स्थानीय पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# एक एकड़ में केवल एक बोरी यूरिया देना किसान विरोधी फैसला : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा किसानों को प्रति एकड़ केवल एक बोरी यूरिया खाद देने का निर्णय पूरी तरह किसान विरोधी, तुगलकी एवं कृषि व्यवस्था को प्रभावित करने वाला फैसला है। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस शासनकाल में किसानों को खाद-बीज की कभी कमी नहीं होने दी गई। किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध कराया जाता था, जिससे खेती-किसानी सुचारू रूप से चलती थी और किसान आर्थिक रूप से मजबूत बने हुए थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद किसानों को खाद के लिए लगातार परेशान होना पड़ रहा है। सहकारी समितियों में लंबी कतारें लग रही हैं, किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध नहीं हो पा रहा है और अब सरकार द्वारा प्रति एकड़ केवल एक बोरी यूरिया देने का नियम लागू कर किसानों की खेती को संकट में डाल दिया गया है।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार किसानों के हितों की बात केवल मंचों और भाषणों तक सीमित रखती है, जबकि जमीनी स्तर पर किसान परेशान, ठगा हुआ और उपेक्षित महसूस कर रहा है। खेती के महत्वपूर्ण मौसम में पर्याप्त खाद नहीं मिलने से धान उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति और कमजोर होगी।

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि किसानों को तत्काल पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध कराया जाए तथा लगाए गए प्रतिबंधात्मक नियमों को अविलंब वापस लिया जाए। कांग्रेस पार्टी किसानों के अधिकारों की लड़ाई सड़क से सदन तक मजबूती के साथ लड़ेगी तथा भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों का पुरजोर विरोध जारी रखेगी।

### खाद संकट को लेकर किसानों में आक्रोश

**आरंग।** खेती-किसानी का सीजन शुरू होने से पहले ही आरंग क्षेत्र में खाद की किल्लत को लेकर किसानों का धैर्य जवाब देने लगा है। सोसायटियों में जरूरत के मुताबिक खाद उपलब्ध नहीं होने और भीषण गर्मी में बार-बार चक्कर लगाने की मजबूरी ने अन्नदाताओं को आंदोलन की राह पर धकेल दिया है। इस गंभीर समस्या पर रणनीति बनाने और अपनी आवाज बुलंद करने के लिए 13 मई को ग्राम खौली में किसानों की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है।जानकारी के मुताबिक, ग्राम खौली स्थित गायत्री मंदिर परिसर में शाम 4 बजे आयोजित इस बैठक में खाद वितरण की लचर व्यवस्था और आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा होगी। किसानों ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि पर्याप्त खाद की आपूर्ति सुनिश्चित करने के बजाय उन पर 'नैनो खाद' लेने का अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है, जिससे उनकी खेती की लागत बढ़ रही है।


## पुलिस बैरिकेड्स तोड़ मंत्री कार्यालय तक पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ता

# भाजपा के कुशासन के अंत की शुरुआत : डॉ. डहरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन के बाद विपक्षी दल कांग्रेस अब पूरी तरह से 'एक्शन मोड' में आ गई है। आरंग विधानसभा क्षेत्र में जनहित के मुद्दों और प्रशासन की कथित निष्क्रियता के खिलाफ पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के नेतृत्व में कांग्रेस ने अपनी शक्ति का अभूतपूर्व प्रदर्शन किया। भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बावजूद हजारों की संख्या में उमड़े जनसैलाब, विशेषकर महिलाओं की रिकॉर्ड भागीदारी ने सत्ताधारी दल और स्थानीय प्रशासन की नींद उड़ा दी है। आंदोलन का आगाज आरंग के मुख्य बस स्टैंड पर आयोजित एक विशाल जनसभा से हुआ। सभा को संबोधित करते हुए नेताओं ने भाजपा सरकार पर वादाखिलाफी और विकास कार्यों को ठप करने का आरोप लगाया। डॉ. शिवकुमार डहरिया ने अपने संबोधन में तीखे प्रहार करते हुए कहा:/"यह केवल एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि भाजपा के कुशासन के अंत की





शुरुआत है। आरंग की पावन धरा पर माफिया राज और अवैध वसूली को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन कान खोलकर सुन ले, यदि जनता की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस ईंट से ईंट बजा देगी।/"

सभा के पश्चात जब विशाल रैली नेताजी चौक स्थित कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के कार्यालय की ओर बढ़ी, तो नजारा देखने लायक था। पुलिस प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए भारी घेराबंदी की थी और मजबूत बैरिकेड्स लगाए थे। लेकिन आक्रोशित कार्यकर्ताओं के सामने पुलिस के इंतजाम बौने साबित हुए। नारेबाजी करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता पुलिस घेरे को तोड़ते हुए मंत्री कार्यालय के मुख्य द्वार तक जा पहुंचे।


गली-मोहल्लों में अवैध शराब बेचने वाले कोचियों पर पुलिस की सख्ती। इस प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे,ब्लॉक अध्यक्ष कोमल साहू सहित कांग्रेस पार्षद गण और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तमाम पदाधिकारी शामिल हुए। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस प्रदर्शन के जरिए डॉ. शिवकुमार डहरिया ने न केवल अपनी संगठनात्मक क्षमता दिखाई है, बल्कि यह भी स्पष्ट कर दिया है कि आरंग में कांग्रेस एकजुट है।

### 12 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच तीखी झड़प और झूमाझपटी भी हुई। वातावरण 'कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद' और 'प्रदेश सरकार होश में आओ' के नारों से गूंज उठा। कांग्रेस ने अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इन 12 मांगों में क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया है। महानदी में मशीनों के जरिए 24 घंटे हो रहे अवैध रेत उत्खनन पर तत्काल रोक और माफियाओं पर एफआईआर की मांग। आरंग नगर पालिका क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रही अवैध प्लाटिंग की जांच और इसमें संलिप्त अधिकारियों पर कार्रवाई। खेती का सीजन शुरू होते ही खाद-बीज की किल्लत दूर करने और सोसायटियों में पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित करने की मांग। गिरजा इंडेन गैस एजेंसी द्वारा होम डिलीवरी बंद करने और सिलेंडर की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने की चेतावनी। राजश्री सद्भावना समिति के सामुदायिक भवन का राजनीतिक दुरुपयोग रोकने की मांग। भीषण गर्मी में बिजली की बार-बार कटौती को बंद कर निर्बाध आपूर्ति की व्यवस्था।

## अनुशासन और देशभक्ति का पाठ पढ़ रहे 436 कैडेट

**धरसीवां / कूंरा।** 5 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी, रायपुर द्वारा 11 मई 2026 को कार्डिनल वॉरियर्स स्कूल, निमोरा, नया रायपुर में वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-125 ओपनिंग एड्रेस के साथ प्रारंभ हुआ। 10 दिवसीय इस शिविर का उद्देश्य समग्र सैन्य प्रशिक्षण और व्यक्तित्व विकास गतिविधियों के माध्यम से कैडेटों में अनुशासन, नेतृत्व और देशभक्ति की भावना पैदा करना है। मंगलवार को ग्रुप कमांडर एन सी सी ग्रुप मुख्यालय रायपुर ब्रिगेडियर डी. के. पात्रा द्वारा शिविर का निरीक्षण किया गया। ब्रिगेडियर डी. के. पात्रा ने कैडेटों को संबोधित किया और राष्ट्र निर्माण में एनसीसी की भूमिका पर जोर दिया तथा कैडेटों से एकता और अनुशासन के मूल मूल्यों को आत्मसात करने का आग्रह किया।



शिविर कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल तुपुरानी सरात, सीओ 5 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी ने ग्रुप कमांडर को शिविर के दौरान नियोजित विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी, जिसमें ड्रिल, हथियार प्रशिक्षण, मानचित्र पठन, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट और सामाजिक जागरूकता, आपदा प्रबंधन और राष्ट्रीय एकता पर व्याख्यान शामिल हैं। गर्मी से बचाव के उपाय करते हुए शारीरिक फिटनेस, योग, खेल और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

# तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के प्रतिभावान विद्यार्थियों को 12.26 करोड़ की छात्रवृत्ति वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ सरकार वनांचल एवं तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर प्रभावी कार्य कर रही है। इसी क्रम में नवा रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में वन मंत्री केदार कश्यप ने छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित द्वारा संचालित "छात्रवृत्ति योजना" अंतर्गत 8,631 प्रतिभावान विद्यार्थियों को ऑनलाइन माध्यम से 12 करोड़ 26 लाख से अधिक की छात्रवृत्ति राशि वितरित की।

वन मंत्री केदार कश्यप ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा, उनके दिशा-निर्देश में राज्य सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और शिक्षा का लाभ पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा, वनांचल के बच्चों को शिक्षा से जोड़ना और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा, राज्य शासन का उद्देश्य केवल लघु वनोपज संग्रहण तक सीमित नहीं है, बल्कि वनाश्रित परिवारों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक सशक्तिकरण को सुनिश्चित करना भी है। छात्रवृत्ति योजनाएं तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के बच्चों को आत्मविश्वास, अवसर और नई दिशा प्रदान कर रही हैं। उन्होंने कहा, राज्य सरकार शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में गंभीरता से कार्य कर रही है, जिसका सीधा लाभ वनवासी एवं श्रमिक परिवारों को मिल रहा है।

## मुख्यमंत्री के नेतृत्व में शिक्षा सशक्तिकरण की बड़ी पहल- कश्यप

### तेंदूपत्ता संग्रहण से भारतीय वन सेवा तक, अजय गुप्ता बने प्रेरणा

तेंदूपत्ता संग्रहण से भारतीय वन सेवा तक का सफर तय करने वाले अजय गुप्ता आज हजारों विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुके हैं। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजना से मिली आर्थिक सहायता ने उनकी शिक्षा यात्रा को निरंतर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सीमित संसाधनों और आर्थिक चुनौतियों के बावजूद उन्होंने अपनी स्कूल एवं कॉलेज शिक्षा पूरी की और आगे चलकर भारतीय वन सेवा जैसी प्रतिष्ठित सेवा में चयनित होकर प्रदेश का गौरव बढ़ाया।




### चार प्रमुख श्रेणियों में दी गई छात्रवृत्ति

छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत विद्यार्थियों को विभिन्न श्रेणियों में लाभान्वित किया गया, जिनमें, मेधावी छात्र पुरस्कार योजना, प्रतिभाशाली छात्रों हेतु शिक्षा प्रोत्साहन योजना, व्यावसायिक शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति योजना, गैर-व्यावसायिक शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति योजना शामिल हैं। इन योजनाओं के माध्यम से कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ व्यावसायिक एवं गैर-व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

### श्रेणीवार लाभार्थियों एवं राशि का विवरण

मेधावी योजना में 1,639 लाभार्थी को 44.85 लाख, प्रतिभाशाली योजना 6,133 लाभार्थी को 11.39 करोड़, व्यावसायिक शिक्षा छात्रवृत्ति योजना में 71 लाभार्थी, को 6.15 लाख और गैर-व्यावसायिक शिक्षा छात्रवृत्ति योजना में 788 लाभार्थी को 35.72 लाख। इस प्रकार कुल 8,631 विद्यार्थियों को 12,26,07,500 की राशि स्वीकृत एवं वितरित की गई।

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय राज्य मंत्री पासवान दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर



**रायपुर।** केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान 13 और 14 मई को दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगे। वे इस दौरान राज्य में संचालित ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति, क्रियान्वयन और जमीनी स्तर पर उनके प्रभाव की समीक्षा करेंगे। अपने प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री नया रायपुर में ग्रामीण विकास मंत्रालय की प्रमुख योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। समीक्षा के दौरान योजनाओं की प्रभावशीलता बढ़ाने, अंतिम छोर तक लाभ पहुंचाने की व्यवस्था को मजबूत करने तथा ग्रामीण अधोसंरचना विकास में तेजी लाने पर विशेष जोर रहेगा।

### सीजीएमएससी के अफसरों के खिलाफ जांच की मांग

**रायपुर।** पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने बताया कि सीजीएमएससी के दोषी अधिकारियों द्वारा लगातार दवाइयों के नाम पर किए जा रहे भ्रष्टाचार को लेकर रायपुर कमिश्नर संजीव शुक्ला से कल सुबह 11 बजे एक प्रतिनिधिमंडल मंडल दोषियों के खिलाफ जांच की मांग को लेकर शिकायत दर्ज कराने पहुंचेगा। श्री उपाध्याय सोमवार को राजधानी रायपुर के सीजीएमएससी के वेयर हाउस और हमर अस्पताल में औचक निरीक्षण करने पहुंचे हुये थे। वहां काफी ज्यादा एक्सपायरी दवा का जखीरा मिलने पर उन्होंने सीजीएमएससी के अधिकारियों को दोषी ठहराया है। उन्होंने कहा कि राजधानी के अस्पतालों में एक्सपायरी व कम अवधि वाली दवाइयों की सप्लाई और खरीदी से जुड़े गंभीर मामले फल-फूल रहे हैं।

### पेंशन प्रकरण रुके तो अधिकारियों पर कार्रवाई



**रायपुर।** शिक्षा विभाग के पेंशन प्रकरणों के लंबित होने पर जिला प्रशासन द्वारा नाराजगी जताई गई है। संबंधित सेक्शन प्रभारी पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर डॉ.सिंह ने कहा, सभी विभाग के पेंशन के लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जाए। प्रकरण लंबित रहने की स्थिति में जिला शिक्षा कार्यालय के संबंधित सेक्शन प्रभारी पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### रूद्र सेना की पहली प्रदेश स्तरीय बैठक 15 को

**रायपुर।** रूद्र सेना के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद आलोक पांडे के नेतृत्व में संगठन की पहली बड़ी प्रदेश स्तरीय बैठक 15 मई को होने जा रही है। यह महत्वपूर्ण बैठक ऐतिहासिक नर्मदा कुंड रेलवे स्टेशन रोड के पास आयोजित होगी, जिसमें प्रदेशभर के 32 जिलों से धर्मावलंबी कार्यकर्ता, पदाधिकारी और प्रमुख सदस्य शामिल होंगे। यह जानकारी प्रदेशाध्यक्ष आलोक पांडे ने देते हुए बताया कि बैठक में संगठन के विस्तार, आगामी कार्यक्रमों और सामाजिक गतिविधियों को लेकर भी विशेष चर्चा की जाएगी। बैठक में छत्तीसगढ़ निर्वाणी अखाड़ा के प्रमुख सुरेंद्र दास महाराज की विशेष उपस्थिति रहेगी।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विपक्ष के खिलाफ लाया जाएगा निंदा प्रस्ताव

# आज भाजपा की कार्यसमिति, विधानसभा चुनाव 2028 के लिए भी बनेगी अभी से रणनीति

### नक्सलवाद के खात्मे पर केंद्र और राज्य सरकार के लिए लाया जाएगा धन्यवाद प्रस्ताव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन अभी से विधानसभा 2028 के चुनाव पर फोकस करने की तैयारी में है। करीब पौने दो साल बाद भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति बुधवार को 10 बजे से होगी। इस कार्यसमिति में विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा मंथन होगा। इसके लिए क्या तैयारी करनी है इसका फैसला अभी से किया जाएगा। इसके अलावा राजनीतिक प्रस्ताव में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विपक्ष के विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव और छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खात्मे को लेकर केंद्र और राज्य सरकार के लिए धन्यवाद प्रस्ताव लाया जाएगा। कुछ अन्य एजेंडों पर भी चर्चा होगी। कार्यसमिति के एजेंडे मंगलवार को प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक और कोर ग्रुप में तय करके इनको अंतिम रूप दिया गया है।

प्रदेश भाजपा की कार्यसमिति कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बुधवार को सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगी। इसमें भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू के साथ ही सभी कार्यसमिति सदस्य, प्रदेश के पदाधिकारी, प्रदेश के सभी सांसद, विधायक, नगर निगमों के महापौर, सभापति, नगर पंचायतों और पंचायतों के प्रतिनिधियों के साथ ही सभी जिलों के जिला अध्यक्ष, जिलों और संभाग के प्रभारी, मोर्चा, प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, संयोजक, सहसंयोजक शामिल होंगे।

### बैठक और कोर ग्रुप में एजेंडों पर मंथन

*कार्यसमिति से पहले प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक ठाकरे परिसर में मंगलवार की शाम को हुई। इस बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय सहित सभी पदाधिकारी शामिल हुए। इस बैठक में कार्यसमिति के लिए एजेंडों पर मंथन किया गया। इसी के साथ अब तक संगठन में हुए कामों की समीक्षा की गई। इसके बाद कोर ग्रुप की बैठक में एजेंडों को अंतिम रूप दिया गया। कार्यसमिति में विशेष रूप से अभी से 2028 के विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनेगी। इसमें बूथों को मजबूत करना रोडमैप तैयार करने पर चर्चा होगी। सबसे अहम लोकसभा में केंद्र सरकार ने जो नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाया था, उसको विपक्ष ने मंजूर होने नहीं दिया। ऐसे में विपक्ष के खिलाफ राजनीति प्रस्ताव में निंदा प्रस्ताव लाया जाएगा। इसी के साथ छत्तीसगढ़ के साथ देश भर से नक्सलवाद समाप्त होने को लेकर केंद्र सरकार और राज्य सरकार के लिए धन्यवाद प्रस्ताव भी लाया जाएगा। कार्यसमिति में संगठन के आने वाले तीन माह के लिए कार्ययोजना पर चर्चा होगी। इसमें कई कार्यक्रम तय होगी। संगठन ने अब तक क्या-क्या काम किए हैं इसको लेकर समीक्षा होगी। कार्यसमिति में राष्ट्रीय और प्रदेश के नेताओं का मार्गदर्शन मिलेगा।*

### छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर कम सीएम साय ने कहा- प्रदेश की मजबूत अर्थव्यवस्था की निशानी




*छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर 2.3 प्रतिशत होने और राष्ट्रीय स्तर से काफी कम बेरोजगारी दर होने के संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया सामने आई है। खास बात ये है कि हरिभूमि ने 12 जनवरी को यह समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया था।*

***सीएम साय ने कही ये बात:*** *भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी पीएलएफएस 2025 सर्वे में छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर का राष्ट्रीय औसत से काफी कम होकर 2.3 प्रतिशत पर रहना प्रदेश की मजबूत अर्थव्यवस्था, ग्रामीण आजीविका और रोजगारोन्मुखी नीतियों का सकारात्मक संकेत है। खेती, वनोपज, स्वरोजगार, लघु उद्योग, कौशल विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से हमारी सरकार गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हमारा लक्ष्य केवल रोजगार के आंकड़े बेहतर करना नहीं, बल्कि युवाओं को सम्मानजनक अवसर, बेहतर आय और आत्मनिर्भरता से जोड़ना है। हमारी सरकार का संकल्प है कि छत्तीसगढ़ का प्रत्येक युवा, किसान, महिला और श्रमिक आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े तथा प्रदेश में विकास और रोजगार के नए अवसर लगातार सृजित होते रहें।*


# 5 स्थानों पर पार्किंग के लिए नगर निगम ने किया ई-टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम के बाजार विभाग ने शहर के 5 स्थानों पर पार्किंग के लिए ई टेंडर किया है। एक साल की समय अवधि के लिए पार्किंग का ठेका दिया जाएगा। इसके लिए 1 जून को शाम 5 बजे ऑनलाइन निविदा खोली जाएगी। नगर निगम ने पहली बार पार्किंग का ठेका देने जेम पोर्टल पर ई निविदा के माध्यम से निविदा मंगाई है। इससे पहले निविदाकारों से बंद लिफाफे में रेट कोड कर निविदा मंगाई जाती रही। निविदा प्रक्रिया के तहत जयस्तंभ चौक मल्टीलेवल पार्किंग, कलेक्टोरेट मल्टीपार्किंग, सिंधी बाजार एमजी रोड पार्किंग, गांधी मैदान और जवाहर बाजार पार्किंग के लिए ई निविदा जारी की गई है।

राजधानी में नगर निगम द्वारा 5 पार्किंग स्थलों के संचालन के लिए एक वर्ष की समय अवधि के लिए जेम पोर्टल से निविदाएं मंगाई गई हैं। नियम व शर्तो के तहत एजेंसी का चयन किया जाएगा। इच्छुक एजेंसियां जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगी। निविदा से जुड़े नियम व शर्ते और अन्य जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई है। निविदा प्रक्रिया में जयस्तंभ चौक के पास स्थित मल्टीलेवल पार्किंग, कलेक्टोरेट के पास हाईटेक मल्टीलेवल पार्किंग, गांधी मैदान पार्किंग, एमजी रोड गली का सिंधी बाजार और मालवीय रोड स्थित जवाहर बाजार पार्किंग स्थल इसमें शामिल है।

**1 साल के लिए पार्किंग का ठेका, 1 जून को शाम 5 बजे खुलेगा टेंडर**



### मासिक शुल्क

- साइकिल 75 रुपए महीना
- दोपहिया 300 रुपए महीना,
- कार 1800 रुपए मासिक शुल्क

### आफसेट दर पर इस तरह

- कलेक्टोरेट मल्टीलेवल पार्किंग 16,75,000 रुपए, ठेका अवधि 1 जून से 31 मई 2027 तक
- सिंधी बाजार पार्किंग एमजी रोड- 5,14,000 रुपए
- गांधी मैदान पार्किंग रंग मंदिर के पास 8,27,000 रुपए
- कलेक्टोरेट मल्टीलेवल पार्किंग 16,75,000 रुपए
- जवाहर बाजार पार्किंग मालवीय रोड 10,95,000 रुपए 20 सितंबर 2026 से 31 अगस्त 2027 तक।

### पार्किंग शुल्क इस तरह

- साइकिल- 5/ प्रति दिवस शुल्क
- मोटर साइकिल दोपहिया- 10/
- कार, चारपहिया- 20 रुपए प्रत्येक चार घंटे के लिए

## अपेक्स बैंक में 67 समिति प्रबंधकों की भर्ती को मिली हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की "सहकार से समृद्धि" की संकल्पना को साकार करने की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में प्रदेश की सहकारिता व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अपेक्स बैंक और जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों में रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया तेज कर दी गई है।

**युवाओं के लिए अवसर:** राज्य सरकार का यह निर्णय न केवल सहकारिता संस्थाओं को प्रशासनिक मजबूती प्रदान करेगा, बल्कि प्रदेश के शिक्षित युवाओं के लिए सरकारी क्षेत्र में रोजगार के नए द्वार भी खोलेगा। यह कदम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने और सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को सीधे लाभ पहुंचाने के सरकार के संकल्प को दर्शाता है।

### डिजिटल गवर्नेंस और किसानों को लाभ

इस नई भर्ती से राज्य की पैक्स और लैम्प्स समितियों की कार्यप्रणाली में बड़ा सुधार आएगा। कम्प्यूटरीकरण से समितियों में डिजिटल कार्यप्रणाली को बढ़ावा मिलेगा। बैंकिंग सेवाओं में अधिक पारदर्शिता और गति आएगी। किसान सुविधा में विस्तार होगा और सदस्य किसानों को ऋण, खाद-बीज और अन्य सहकारी सुविधाएं बिना किसी देरी के मिल सकेंगी।

### पदभार ग्रहण करते ही आयुक्त कावरे का बड़ा निर्णय

सहकारिता आयुक्त एवं पंजीयक महादेव कावरे ने कार्यभार संभालते ही प्राथमिकता के आधार पर अपेक्स बैंक के रायगढ़ और जशपुर क्षेत्र के लिए संवर्ग समिति प्रबंधक (नवीन संवर्ग) के शेष 67 पदों पर भर्ती की अनुमति प्रदान कर दी है। कुल स्वीकृत पद अपेक्स बैंक में संवर्ग समिति प्रबंधक के कुल 134 पद स्वीकृत हैं। वर्तमान में 67 पदों पर भर्ती की अनुमति पूर्व में दी जा चुकी थी। अब शेष 67 पदों के लिए भी अनुमति जारी कर दी गई है, जिससे कुल स्वीकृत पदों पर भर्ती का रास्ता साफ हो गया है।

## नीट पर्चा लीक: आक्रोशित छात्रों ने फूंका केंद्रीय मंत्री का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नीट के पर्चे लीक होने के विरोध में एनएसयूआई ने मंगलवार को विरोध-प्रदर्शन किया। केंद्रीय मंत्री का पुतला दहन करते हुए छात्रों ने उनके इस्तीफे की मांग की है। एनएसयूआई ने कहा, देशभर के लगभग 22.79 लाख विद्यार्थियों ने नीट में भाग लिया था। 3 मई को आयोजित परीक्षा के बाद 7 मई को पेपर लीक की खबरें सामने आईं और अंततः 12 मई को परीक्षा रद्द कर दी गई। यह देशभर के छात्रों और अभिभावकों के साथ बड़ा अन्याय है। लाखों छात्र दिन-रात मेहनत कर अपने भविष्य को संवारने का सपना देखते हैं, लेकिन सरकार की लापरवाही और परीक्षा प्रणाली की विफलता के कारण छात्रों का भविष्य अंधकार में धकेला जा रहा है। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं ने शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ईमानदारी के साथ परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का मनोबल भी इससे टूटता है।



### उच्च स्तरीय जांच की मांग

प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं एवं छात्रों ने नीट में सामने आए पेपर लीक, अनियमितताओं एवं परीक्षा रद्द किए जाने को लेकर केंद्र सरकार और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। एनएसयूआई ने मांग करते हुए कहा, पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए पारदर्शी और सुरक्षित परीक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। एनएसयूआई के प्रभारी महामंत्री हेमंत पाल के नेतृत्व में आंबेडकर चौक के समक्ष पेपर लीक को लेकर यह प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शन में पुनेश्वर लहरे, गावेश साहू,विधान, अनुज शुक्ला, अंकित बंजारे, शेख अर्सलान, नागेश सहित अन्य छात्र नेता मौजूद रहे।

## बैज बोले- दूसरे लॉकडाउन की ओर बढ़ रहा देश, केंद्र बुलाए सर्वदलीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने की अपील पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, देश धीरे-धीरे दूसरे लॉकडाउन जैसी स्थिति की ओर बढ़ रहा है, लेकिन केंद्र सरकार जिम्मेदारी लेने के बजाय जनता से त्याग और कम उपयोग की अपील कर रही है। उन्होंने महंगाई, ईंधन संकट, बेरोजगारी और बढ़ती कीमतों को लेकर मोदी सरकार को घेरते हुए सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की है।

कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा में दीपक बैज ने कहा, पिछले दो महीनों से देशभर में पेट्रोल, डीजल और गैस संकट गहराता जा रहा है, जबकि आम जनता लगातार महंगाई की मार झेल रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार महंगाई को लेकर केंद्र सरकार को सचेत करते रहे, लेकिन मोदी सरकार महंगाई की सच्चाई छुपाती रही। अब जनता से त्याग करने की बात कर रही है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री की अपील ने लोगों को राहत देने के बजाय उनके जख्मों पर नमक छिड़कने का काम किया है।




### मोदी कह रहे घर में बैठो, काम मत करो

श्री बैज ने प्रधानमंत्री की वर्क फ्रॉम होम और कम यात्रा की अपील पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, फील्ड में काम करने वाले, फेरी लगाने वाले, ठेला चलाने वाले और रोज कमाकर खाने वाले लोग घर बैठकर कैसे जीएंगे। देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने कहा था आराम हराम है, लेकिन आज मोदी सरकार लोगों को घर में बैठने की सलाह दे रही है। मोदी सरकार के कार्यकाल में रसोई का बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है। खाद्य तेल, दाल, गैस, दूध और रोजमर्रा की जरूरी चीजों के दाम लगातार बढ़े हैं। गृहिणियां अब हर चीज में कटौती करने को मजबूर हैं। 2013 की तुलना में 2026 में आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में कई गुना वृद्धि हुई है।

### मोदी सरकार ने तेल भंडारण पर नहीं किया काम

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि पिछले 12 वर्षों में मोदी सरकार ने क्रूड ऑयल भंडारण क्षमता बढ़ाने के लिए कोई बड़ा कदम नहीं उठाया। उन्होंने कहा, देश के मौजूदा भंडारण केंद्र की यूपीए सरकार के दौरान बने थे और आज ईंधन संकट की स्थिति केंद्र सरकार की लापरवाही का परिणाम है।


## पॉवर कंपनी ने नियामक आयोग से 25 प्रतिशत के स्थान पर छूट को 10 फीसदी करने की रखी है मांग

# स्टील उद्योग को लोड फैक्टर से मिलने वाली सस्ती बिजली को लगेगा झटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के स्टील उद्योगों को लोड फैक्टर के कारण मिल रही सस्ती बिजली पर भी एक बार फिर से अंकुश लगने वाला है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने 2026-27 के नए टैरिफ के लिए जो याचिका लगाई है, उसमें लोड फैक्टर को फिर से 25 फीसदी से कम करके 10 फीसदी करने की मांग रखी है। ऐसा होने से स्टील उद्योग को टैरिफ में मिलने वाली छूट कम हो जाएगी। अभी छूट के कारण स्टील उद्योगों को घरेलू से भी कम दरों पर बिजली मिल जाती है। बिजली का नया टैरिफ अगले माह लागू होने की संभावना है, इसमें लोड फैक्टर कम हो जाएगा। इसको लेकर भी आयोग में मंथन चल रहा है।

प्रदेश के स्टील उद्योग को लोड फैक्टर में पिछली सरकार में बड़ी राहत देते हुए उसकी बिजली को बहुत ज्यादा सस्ता कर दिया गया था। ऐसा होने से स्टील उद्योग को घरेलू से भी सस्ती बिजली मिल रही थी। इस सस्ती बिजली के खिलाफ पुराने अफसरों ने मोर्चा खोला था, लेकिन आयोग में जाने के बाद भी आयोग ने इनकी बात नहीं मानी थी। इसके बाद जब प्रदेश में एक बार फिर से भाजपा की सरकार बनी तो 2024-25 के टैरिफ के समय स्टील उद्योग का लोड फैक्टर कम करके 25 से 10 फीसदी कर दिया गया।



### लोड फैक्टर से 25 फीसदी सस्ती बिजली

स्टील उद्योग के लिए एक लोड फैक्टर तय है। जिस प्लांट ने जितने किलोवाट का कनेक्शन लिया है, उसमें लोड के उपयोग के अनुसार उसके टैरिफ में प्रतिशत कम किया जाता है। 2021-22 में 63 से 70 प्रतिशत था। यानी 64 प्रतिशत का उपयोग करने वालों को टैरिफ में एक प्रतिशत की छूट मिली, इसी तरह से 70 फीसदी तक उपयोग करने वालों को 8 फीसदी छूट मिली। लेकिन इसके बाद इसको इसको 50 से 75 प्रतिशत करके 25 फीसदी तक छूट का प्रावधान कर दिया गया। एक साल इसको दस फीसदी किया गया लेकिन फिर से चल रहे सत्र में यह छूट 25 फीसदी हो गई है।

### लोड फैक्टर के कारण चांदी

*नियामक आयोग ने 2025-26 के टैरिफ में एक बार फिर से स्टील उद्योग का लोड फैक्टर बढ़ाकर 10 से 25 कर दिया। ऐसे में इस सत्र के लिए भी लोड फैक्टर के कारण स्टील उद्योग की चांदी हो गई है। हालांकि स्टील उद्योग से जुड़े कारोबारी इस बात को नकारते हैं कि उनको फायदा हो रहा है। इनका कहना है उनको सभी शुल्क मिलाकर बिजली सात रुपए से ज्यादा की पड़ती है। अगर इनकी बात मान ली जाए तो भी इनकी बिजली तो घरेलू बिजली से सस्ती ही हुई, क्योंकि 400 यूनिट से ज्यादा खपत करने पर 6.60 रुपए तो टैरिफ ही है। इसी के साथ एफपीपीएएस और अन्य शुल्क मिलाकर करीब आठ रुपए यूनिट बिजली पड़ती है। अगर खपत 600 यूनिट से ज्यादा होती है तो इसकी कीमत करीब 10 रुपए यूनिट तक हो जाती है। क्योंकि टैरिफ ही 8.30 रुपए है।*

### 6.40 रुपए का टैरिफ हो जाता है 5.00 रुपए

*बड़े उद्योगों का जितने मेगावाट का कनेक्शन है, उसका आसानी से ये 70 से 75 फीसदी तक उपयोग कर लेते हैं। 75 फीसदी उपयोग का मतलब यह है कि 6.40 रुपए प्रति यूनिट का टैरिफ सीधे-सीधा 25 फीसदी छूट के कारण 1.60 रुपए कम होकर 5.00 रुपए हो जाना। यही हो रहा है जिसके कारण स्टील उद्योगों को सस्ती कीमत पर बिजली मिल रही है। लेकिन अन्य शुल्क मिलाकर यह बिजली 7.21 रुपए की पड़ती है, ऐसा उद्योग चलाने वाले कहते हैं।*

### प्रति एकड़ केवल एक बोरी यूरिया देना किसान विरोधी फैसला: कांग्रेस

**रायपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा किसानों को एक एकड़ में केवल एक बोरी यूरिया खाद देने का निर्णय पूरी तरह किसान विरोधी, तुगलकी एवं कृषि व्यवस्था को बर्बाद करने वाला फैसला है। कांग्रेस सरकार के समय किसानों को खाद-बीज की कभी कमी नहीं होने दी गई। किसानों को आवश्यकता अनुसार खाद एवं बीज उपलब्ध कराया जाता था। भाजपा सरकार बनने के बाद किसानों को खाद के लिए भटकना पड़ रहा है। समितियों में लंबी कतारें लग रही हैं, किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया नहीं मिल रहा है और अब सरकार प्रति एकड़ केवल एक बोरी यूरिया देने जैसा हास्यास्पद नियम लागू कर किसानों की खेती चौपट करने में लगी हुई है।

# कई साल से अवैध रूप से चल रही थी कबाड़ दुकान, छापे में 2180 किलो लोहा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

राजधानी रायपुर के टाटीबंध इलाके में नया बिलासपुर बायपास रोड पर संचालित कबाड़ दुकान में पुलिस ने छापा मारकर यहां से 2180 किलोग्राम अवैध लोहा जब्त किया है। आमानाका पुलिस के अनुसार यह कबाड़ दुकान अवैध रूप से संचालित की जा रही थी, वहीं मौके से जो लोहा जब्त किया है, उसके वैध दस्तावेज भी नहीं मिले। इससे जब्त लोहा चोरी का होने की संभावना जताई जा रही है। इधर पुलिस ने मामले में दुकान को सीलबंद करने की कार्रवाई करते हुए संचालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उसे नोटिस जारी किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि नया बिलासपुर बायपास रोड टाटीबंध स्थित कबाड़ दुकान संचालित हो रही है। इस दुकान का संचालक अरमान अहमद 24 वर्ष भिलाई का निवासी है। पुलिस को सूचना मिली थी कि यह दुकान अवैध रूप से संचालित हो रही है तथा वैध दस्तावेजों के बिना यहां भारी मात्रा में लोहा की विभिन्न सामग्री रखी हुई है।



## जांच में दुकान अवैध पाई गई

पुलिस की जांच में जहां जब्त लोहा के वैध दस्तावेज नहीं मिले, वहीं दुकान भी अवैध रूप से संचालित होना पाया गया। इसे देखते हुए पुलिस ने दुकान को सीलबंद करते हुए इसकी सूचना संबंधित विभाग को दी है। इस मामले में दुकान संचालक के विरुद्ध धारा 35(1) बीएनएसएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर धारा 35(3) बीएनएसएस के तहत नोटिस जारी किया है। उल्लेखनीय है कि राजधानी रायपुर के अलावा जिले के अन्य शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में भी बड़ी संख्या में कबाड़ की दुकानें संचालित हो रही हैं। इनमें से कई दुकानों में अवैध रूप से कबाड़ की खरीदी-बिक्री का कारोबार हो रहा है, वहीं कई दुकानें बिना लाइसेंस के संचालित होने की संभावना है। कई कबाड़ दुकानों में पूर्व में पुलिस ने छापेमारी के दौरान चोरी के सामान तक जब्त किए हैं। इसके बाद भी कबाड़ दुकानों पर न ही निगरानी रखी जाती है और न ही औचक जांच की जाती है।

## बिजनेस साइट

### नर्सिंग दिवस पर उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में भव्य समारोह, नर्सिंग स्टाफ का सम्मान

रायपुर। भाठागांव स्थित उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के अवसर पर उर्मिला फाउंडेशन द्वारा भव्य एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रायपुर की महापौर मीनल चौबे रहीं। अपने संबोधन में महापौर ने कहा कि मरीजों की वास्तविक देखभाल नर्सिंग स्टाफ करता है और चिकित्सा व्यवस्था में



उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने नर्सिंग सेवा को मानवता की सच्ची सेवा बताया। नर्सिंग टीम द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहे। शानदार नृत्य एवं गीत प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों एवं प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. विनोद सिंह, नम्रता सिंह सहित कई चिकित्सक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### द गुड स्टार्ट स्कूल में मातृ दिवस समारोह उल्लास के साथ संपन्न



रायपुर। द गुड स्टार्ट स्कूल में मातृ दिवस समारोह हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रेसिडेंट धर्मेश सोनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर डायरेक्टर डिंपल सोनी, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर कश्मिका सोनी, भाटागांव शाखा की प्राचार्य स्मिता द्विवेदी तथा प्रोफेसर कॉलोनी शाखा की प्राचार्य अनिता त्रिपाठी विशेष रूप से मौजूद रहीं। समारोह में माताओं और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान फूड, ज्वेलरी, गेम्स और हैंडमेड केक के आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जिन्होंने सभी का ध्यान आकर्षित किया। बच्चों ने नृत्य एवं गीतों की प्रस्तुति देकर माताओं के प्रति अपना स्नेह व्यक्त किया। वहीं माताओं और बच्चों की रैंप वॉक कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रही। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगियों को विशेष खिताबों से सम्मानित किया गया।

### कोलंबिया कॉलेज ऑफ नर्सिंग में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर भव्य आयोजन



रायपुर। कोलंबिया कॉलेज ऑफ नर्सिंग में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस-2026 उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस वर्ष की थीम 'आवर नर्सेज, आवर फ्यूचर: एम्पावर्ड नर्सेस सेव लाइव्स' रही, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका और समर्पण को सम्मानित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चांसलर किशोर जदवानी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविंदर सिंह हुरा तथा कुलपति डॉ रमन कुमार झा उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ शेफाली चरण ने कहा कि नर्सिंग केवल देखभाल नहीं, बल्कि नेतृत्व, संवेदनशीलता और समर्पण का प्रतीक है। वहीं प्रो-चांसलर हरजीत सिंह हुरा ने नर्सिंग शिक्षकों के योगदान को स्वास्थ्य सेवाओं का मजबूत आधार बताया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं ने आधुनिक नर्सिंग की जनक फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जीवन पर आधारित नाटक एवं रंगारंग प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया।

### श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल में 'स्वयं से साक्षात्कार' कार्यक्रम आयोजित



रायपुर। श्री गणेश विनायक फाउंडेशन एवं पॉजिटिव हेल्थ जोन के संयुक्त तत्वावधान में मदर्स डे के अवसर पर 'स्वयं से साक्षात्कार' विषय पर विशेष जीवन परिवर्तनकारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल परिसर स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में माताओं की परिवार और समाज में भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि बच्चों के संस्कार, शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में माताओं का योगदान सबसे महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान योग, ध्यान और मेडिटेशन के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया, ताकि माताएं शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहकर परिवार को बेहतर दिशा दे सकें। अस्पताल के निदेशक डॉ. अनिल के. गुप्ता ने सकारात्मक जीवनशैली और मानसिक संतुलन पर जानकारी दी। योग गुरु महेश ने ध्यान और आध्यात्मिकता के माध्यम से तनावमुक्त जीवन जीने के उपाय बताए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे।

### नर्स दिवस पर सीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में शिक्षकों का सम्मान

रायपुर। सीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के संचालक डॉ. नवीन बागरेचा ने सभी स्टाफ सदस्यों को



बुके एवं चॉकलेट भेंट कर नर्सेज दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नर्सिंग शिक्षक केवल ज्ञान के मार्गदर्शक नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार और समर्पण की जीवंत मिसाल हैं, जो स्वस्थ एवं संवेदनशील भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के समर्पित शिक्षकों को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के करकमलों से प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान नर्सिंग शिक्षा, सेवा भावना और मानवता के प्रति शिक्षकों की निष्ठा का प्रतीक रहा। कार्यक्रम में डॉ. रिषा बागरेचा, डॉ. भारवि वैष्णव सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### नर्सों के सम्मान में संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल में शपथ एवं सम्मान समारोह

रायपुर। अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल में नर्सिंग स्टाफ के सम्मान में शपथ एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में



डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, प्रबंधन टीम और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य कैंसर मरीजों की सेवा में नर्सों के समर्पण, मेहनत और मानवता को सम्मान देना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत 'ऑन्को केयर में नर्सों की भूमिका' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता से हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने नर्सों और मरीजों के भावनात्मक संबंधों को कलात्मक रूप से प्रस्तुत किया। इसके बाद दीप प्रज्ज्वलन और मोमबत्तियों के साथ शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ, जिसमें नर्सिंग स्टाफ ने सेवा, नैतिकता और समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. युसुफ मेमन, डॉ. अर्पण चतुर्मोठा, डॉ. अनिकेत ठोके, डॉ. अविनाश तिवारी और डॉ. सुरेंद्र शर्मा ने नर्सों को स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ बताते हुए उनके योगदान की सराहना की।

### समर क्लासेस का रंगारंग समापन समारोह आज

रायपुर। छत्रपति शिवाजी स्कूल पुरानी बस्ती व प्रोफेसर कालोनी में पिछले एक माह से चल रही समर क्लासेस का समापन 13 मई को किया जाएगा। इस अवसर पर पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन भवन में सुबह 11 बजे रंगारंग समारोह होगा। अंग्रेजी रीडिंग व राइटिंग के साथ नृत्य की कक्षाएं भी समर क्लासेस के दौरान ली गई। जहां एक ओर नृत्य कक्षाओं के विद्यार्थी शानदार नृत्यों की प्रस्तुति देंगे। वहीं दूसरी ओर अंग्रेजी की कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा शिक्षा के महत्व बताते हुए इस पर आधारित नाटक की प्रस्तुति की दी जाएगी। इसी दौरान कक्षाओं में अलग-अलग उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

### निधन

**रुक्मणी शुक्ला**



रायपुर। देवेंद्र नगर निवासी रुक्मणी शुक्ला का 12 मई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 13 मई को सुबह 11 बजे उनके पैतृक निवास आदिवासी कॉलोनी कुशालपुर से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी वे रामअवध शुक्ला की पत्नी, जितेंद्र तिवारी की बहन एवं मनीष तिवारी, महंत राम आशीष दास की चाची थीं।

**ईश्वर प्रसाद शर्मा**



रायपुर। जिला न्यायालय में ग्रंथालय में पदस्थ व अधिवक्ता ईश्वर प्रसाद शर्मा का 12 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे अधिवक्ता जुगल किशोर शर्मा, लोकायुक्त टीपी शर्मा, अधिवक्ता केके शर्मा, भोज कुमार शर्मा, हरिश्चंद्र शर्मा नोटरी, धर्मेंद्र शर्मा के छोटे भाई तथा अधिवक्ता राजा शर्मा, कान्हा शर्मा अधिवक्ता, कृष्णा शर्मा अधिवक्ता के चाचा एवं चंचला शर्मा अधिवक्ता और तुषार शर्मा के पिता थे।

## स्वास्थ्य संचालनालय से भेजा कलेक्टरों को पत्र

# बांड ड्यूटी नहीं करने वाले 43 डाक्टरों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



सरकारी मेडिकल कालेज में पढ़ाई के बाद अनुबंध सेवा नहीं करने वाले यूजी और पीजी के कुल 43 डाक्टरों पर कार्रवाई की जाएगी। नियम का उल्लंघन करने पर बांड राशि और पढ़ाई के दौरान दी गई शिष्यवृत्ति की वसूली की जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्य संचालनालय की ओर से तमाम कलेक्टरों को पत्र भेजा गया है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा 30 जून एवं 25 जुलाई 2025 को 655 अनुबंधित चिकित्सा अधिकारी तथा 13 सितंबर 2025 को 155 बांडेड चिकित्सा विशेषज्ञों की पदस्थापना 2 वर्षों के लिए प्रदेश के स्वास्थ्य संस्थाओं में ग्रामीण सेवा प्रदान करने के लिए किया गया था। इसमें से 52 अनुबंधित चिकित्सा अधिकारियों एवं 45 चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया। दिसंबर में इन डाक्टरों को कारण बताओ नोटिस जारी हुआ। इनमें से 15 मेडिकल ऑफिसर और 28 चिकित्सा विशेषज्ञों ने संतोषप्रद उत्तर नहीं दिया। इनके विरूद्ध छत्तीसगढ़ चिकित्सा, दंत चिकित्सा एवं भौतिक चिकित्सा (फिजियोथैरेपी) स्नातक प्रवेश नियम-2018 तथा छत्तीसगढ़ चिकित्सा स्नातकोत्तर प्रवेश नियम, 2021 के तहत कार्रवाई किए जाने की तैयारी है। इसके तहत इनसे बंध पत्र की राशि एवं पाठ्यक्रम अवधि के दौरान शासन द्वारा भुगतान की गई छात्रवृत्ति की सम्पूर्ण राशि की वसूली भू-राजस्व के बकाया राशि के रूप में की जायेगी है। इसके लिए संबंधित जिलों के जिलाधीशों को प्रस्ताव प्रेषित किया गया है।

### वित्तमंत्री चौधरी से केटीयू के कुलपति ने की मुलाकात



रायपुर। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनोज दयाल ने मंगलवार को वित्तमंत्री ओपी चौधरी से सौजन्य मुलाकात की। इस मौके पर वित्तमंत्री श्री चौधरी ने पत्रकारिता विश्वविद्यालय को यथासंभव वित्तीय व शासकीय सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही स्ववित्त पोषित व स्व-संचालित प्रणाली अपनाने का भी सुझाव दिया। कुलपति प्रो. दयाल ने वित्तमंत्री को जानकारी दी कि विश्वविद्यालय में संचालित मीडिया सहित विविध पाठ्यक्रमों में शिक्षण एवं छात्रावास शुल्क बेहद किफायती है। जिससे छत्तीसगढ़ के सुदूर अंचल के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग सहित सभी वर्गों के विद्यार्थियों को न्यूनतम शुल्क में बेहतरीन शिक्षा मिल रही है तथा कमजोर एवं निर्धन वर्ग के विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ सरकार की कल्याणकारी नीतियों का सीधा लाभ ज्ञानार्जन में हो रहा है।

# रिवाल्वर-चाकू की नोक पर फल व्यापारी से लूट 4 बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम, सभी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के मौदहापारा क्षेत्र अंतर्गत तालाबपार इलाके में सोमवार देर रात लूट हो गई। चार युवको ने मिलकर एक फल व्यापारी का रास्ता रोककर रिवाल्वर एवं चाकू की नोक पर 36 हजार रुपए लूट लिए। इस दौरान आरोपियों ने व्यापारी से गाली-गलौज कर मारपीट भी की है। वारदात के बाद प्रार्थी ने मौदहापारा थाने में इसकी सूचना देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। इधर इस घटना को लेकर थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों में एक की पहचान हो चुकी है। इसके आधार पर उसके अन्य साथियों की पहचान की जा रही है। फिलहाल सभी आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लूट का शिकार हुआ व्यक्ति शेख शाहिल है, जो मौदहापारा का निवासी है। शेख बाम्बे मार्केट में फल का ठेला लगाता है। हर रोज की तरह वह घटना वाले दिन भी दुकान बंद करने के बाद रात करीब 10.30 बजे अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह तालाबपार कबाड़ी गली में पहुंचा, तभी उसका सामना राजा बैझड़ नामक व्यक्ति से हुआ, जिसे वह जानता था। राजा अपने अन्य तीन साथियों के साथ दो दोपहिया वाहन के साथ वहां खड़ा था। प्रार्थी के अनुसार आरोपियों ने एक व्यक्ति के घर का पता पूछने के बहाने उसका रास्ता रोका और फिर रिवाल्वर और चाकू की नोक पर उसे सूनसान गली की तरफ ले गए, जहां गाली-गलौज एवं मारपीट करते हुए उसके पास रखे 36 हजार रुपए लूट लिए और फरार हो गए। पुलिस ने इस घटना की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज किया है।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 2643 दिनांक 21.03.2012 के द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर रायपुर सेक्टर - 29 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट 13/202 को श्री मोहम्मद नसीम पिता स्व. नंकुमिया, निवासीः - 301, वार्ड नं. 09, नूर मस्जिद के पास, फरीद नगर, सुपेला, भिलाई, तहसील व जिला - दुर्ग (छ.ग.) के नाम स्ववित्तिय आधार पर आबंटित किया गया है। उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि भुगतान कर पंजीयन कार्यालय से दिनांक 08.05.2015 को लीजडीड (रजिस्ट्री ) का निष्पादन करा लिया गया है तथा इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 10274 दिनांक 31.12.2015 के द्वारा आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है। श्री मोहम्मद नसीम पिता स्व. नंकुमिया की मृत्यु दिनांक 09.09.2020 को हो गया है। श्री मोहम्मद तारिक ने अपने पिता श्री मोहम्मद नसीम पिता स्व. नंकुमिया की मृत्यु होने के उपरांत उक्त भवन को अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र के साथ, सहमति पत्र में यह कि हमारे पिता स्व. मोहम्मद नसीम का देहांत दिनांक 09.09.2020 एवं माता स्व. समीदा खातुन का देहांत दिनांक 06.02.2024 को हो गया है । यह कि हम सहमतिदाता एवं सहमति प्राप्तकर्ता हमारे पिता एवं माता के वारिसान है। यह कि हमारे अलावा अन्य कोई विधिक वारिसान नहीं है। यह कि उक्त मकान को सहमति प्राप्तकर्ता मोहम्मद तारिक पिता स्व. मोहम्मद नसीम के नाम से उक्त मकान को नामांतरण किया जाए। मुझ सहमतिदाता को भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं होगी। मैं सहमत हूँ। मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकोष्ठ भवन को श्री मोहम्मद तारिक पिता स्व. श्री मोहम्मद नसीम के नाम पर नामांतरण करने में किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मण्डल प्रक्षेत्र-नया रायपुर अटल नगर

**//आम सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 2810 दिनांक 01.06.2010 के द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन परिक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर रायपुर सेक्टर-27 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक-एफ2बी-32/406 को श्री रामकुमार शर्मा पिता स्व. श्री चम्पेश्वर प्रसाद शर्मा एवं श्रीमती लता शर्मा पति श्री रामकुमार शर्मा, निवासीः-ए-30 पार्षद कार्यालय के पास वसुन्धरा नगर, चंगोराभाटा, पोस्ट सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.) के नाम स्ववित्तिय आधार पर आबंटित किया गया है। उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि भुगतान कर पंजीयन कार्यालय से दिनांक 21.10.2011 को लीजडीड (रजिस्ट्री) का निष्पादन करा लिया गया है तथा इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1725 दिनांक 13.01.2014 के द्वारा आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया श्री रामकुमार शर्मा पिता स्व. श्री चम्पेश्वर प्रसाद शर्मा का निधन दिनांक 28.08.2019 एवं श्रीमती लता शर्मा पति स्व. श्री रामकुमार शर्मा का निधन दिनांक 22.03.2024 को हो जाने के उपरांत उक्त भवन श्रीमती स्मृति तिवारी पति श्री देवेन्द्र कुमार तिवारी एवं श्रीमती संस्कृति दीवान पति श्री नीतिशधर दीवान अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र के साथ, शपथ पत्र (दोनों) के बिन्दु क्रमांक 4 में यह कि मेरे पिता स्व. रामकुमार शर्मा पिता स्व. श्री चम्पेश्वर प्रसाद शर्मा एवं मेरी माता स्व. लता शर्मा पति स्व. श्री रामकुमार शर्मा की मृत्यु के पश्चात मैं स्मृति तिवारी पति श्री देवेन्द्र कुमार तिवारी एवं मेरी छोटी बहन संस्कृति दीवान पति श्री नीतिशधर दीवान हैं। सिर्फ हम दोनों ही उनके विधिक वारिसान हैं हमारे अलावा और कोई वैद्य वारिसान नहीं है।

उक्त प्रकोष्ठ भवन को श्रीमती स्मृति तिवारी पति श्री देवेन्द्र कुमार तिवारी एवं श्रीमती संस्कृति दीवान पति श्री नीतिशधर दीवान के नाम पर नामांतरण करने में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी छत्तीसगढ़
गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मण्डल प्रक्षेत्र-नवा रायपुर अटल नगर

**छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर**
**प्रत्यर्थी को अपील की सूचना नोटिस**
(अधिनियम क्रमांक 5 सन1908 आदेश इकतालिस, नियम 14) 15841 23/04/2026

अपील क्रमांक T.P.C. No. 83/2023
Ku. Khushika Sahu & another
Vs Tarun Sahu

एम जे सी क्रमांक 190/2023, न्यायालय- श्रीमान अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, रायपुर, (छ.ग.)/आदेश दिनांक......के विरूद्ध अपील।

प्रति,
Tarun Sahu S/o Late Premlal Sahu, Aged About 36 Years, R/o Gandhi Chowk, Devpuri, Raipur, District- Raipur, (C.G.)

कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील Ku. Khushika Sahu & another द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीकृत की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 17/06/2026 नियत की गई है। आपत्तियां/ प्रतिआपत्तियां यदि कोई हो, इस सूचना (नोटिस) के प्राप्त होने के दिनांक से नियत तिथि के पूर्व फाइल की जानी चाहिए। आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए किन्तु यदि न्यायालय के काम काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। यदि अपनी ओर से आप स्वयं आपका वकील या इसके संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जाएगी और निर्णय दिया जाएगा। आज दिनांक 20/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़, बिलासपुर की मुहर से दिया गया।

Note- If the concerned respondent fails to appear either personally or through his counsel on the said date, this Court shall be free to proceed ex-parte against

मुहर
असिस्टेंट रजिस्टार/अनुभाग अधिकारी
सिविल शाखा


### डॉ. चंद्राकर को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान

रायपुर। वरिष्ठ मैक्सिलोफेशियल प्रोस्थोडॉन्टिस्ट एवं इम्प्लांटोलॉजिस्ट डॉ. नीरज कुमार चंद्राकर को ओसिओइंटीग्रेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा



आयोजित वैज्ञानिक मंच पर उनके उत्कृष्ट क्लीनिकल कार्य के लिए इम्प्लांट की मदद से फिक्स पूरे दांत केस पर प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। डॉ. चंद्राकर ने इस केस में जटिल परिस्थितियों के बावजूद आधुनिक डिजिटल तकनीकों, सटीक सर्जिकल प्रोटोकॉल एवं प्रोस्थेटिक योजना के समन्वय से सफल पुनर्वास प्रस्तुत किया, जिसे विशेषज्ञों ने उच्चस्तर की क्लीनिकल दक्षता और नवाचार का उदाहरण माना। इसके अतिरिक्त, उनके एक अन्य क्लीनिकल केस को प्रख्यात अंतर्राष्ट्रीय संस्था फाउंडेशन ऑफ ओरल रिहैबिलिटेशन द्वारा विशेष रूप से प्रशंसित किया गया। यह सराहना उनके कार्य की गुणवत्ता, रोगी-केंद्रित दृष्टिकोण एवं वैज्ञानिक आधार को दर्शाती है। इसी उपलब्धि के उपलक्ष्य में डॉ. चंद्राकर को कोलकाता में अपने क्लीनिकल अनुभव एवं ज्ञान साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया है, जहां वे इम्प्लांट के माध्यम से पूरे दांतों का स्थायी समाधान (फिक्स्ड दांत) से संबंधित अपने अनुभव प्रस्तुत करेंगे। यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर उन्नत दंत चिकित्सा सेवाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

### टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को लेकर राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सम्पन्न

रायपुर। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा जपाइगो के संयुक्त तत्वावधान में रायपुर स्थित निजी होटल में टीबी रोग संबंधी राज्य स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में डिफरेंशिएटेड टीबी केयर, गर्भवती महिलाओं में टीबी प्रबंधन तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में टीबी सेवाओं के समन्वय विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान आयुक्त सह संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं संजीव झा ने प्रतिभागियों को भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन के टीबी मुक्त भारत के संकल्प की याद दिलाते हुए जमीनी स्तर पर उपलब्ध संसाधनों के अनुरूप सुनियोजित कार्ययोजना बनाकर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### एनएचएम कर्मचारियों का जून में बड़ा सम्मेलन

रायपुर। एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मुलाकात की गई। बैठक में जून माह में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। सम्मेलन से पूर्व एनएचएम कर्मचारियों की अधिकांश लंबित मांगों पर सकारात्मक निर्णय होने की उम्मीद जताई गई है। संघ द्वारा सभी कर्मचारियों एवं साथियों से महासम्मेलन की तैयारी में सक्रिय सहयोग एवं सहभागिता की अपील की गई है। यह महासम्मेलन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारियों के भविष्य, सम्मान एवं अधिकारों की लड़ाई में एक ऐतिहासिक एवं निर्णायक कदम साबित होगा।







**::उदघोषणा::**

क्रमांक 3711 / आर सी./ रा.वि.प्रा. / 2026

रायपुर दिनांक 06.05.2026

प्राधिकरण की **शैलेन्द्र नगर योजनांतर्गत 1. श्रीमती रश्मि शर्मा पति स्व. आर.बी. शर्मा 2. श्री रत्नेश शर्मा पिता स्व. आर.बी. शर्मा 3. श्रीमती निहारिका मिश्रा पति श्री निखिल मिश्रा, को भूखंड क्रमांक डी-103 रकबा 1500 वर्गफुट** फ्री-होल्ड पर धारित हैं। फ्री-होल्डधारी द्वारा उक्त भूखंड को पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 28.03.2026 को क्रेता **श्री कुलदीप कुमार सोलंकी पिता श्री दिनेश चंद्र सोलंकी, निवासी- एच.आई.जी. सी-35, शैलेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)** को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता द्वारा प्राधिकरण के अभिलेख में नाम दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड की नाम दर्ज अनुमति प्रदान किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनो के भीतर प्राधिकरण में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित हो कर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/दावा प्राप्त नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमो के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित की जावेगी। निर्धारित तिथि के बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक..........को जारी।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण,
रायपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

एतद् द्वारा आम जनता को सुचित किया जाता है कि शत्रुहन सिंह वर्मा, पिता- डी. आर. वर्मा, निवासी- ग्राम- सिलियारी, तह व जिला रायपुर, छ.ग. के स्वत्व की पड़त भूमि जो ग्राम- कुर्रा, प.ह.नं. 38, तहसील- खरोरा, जिला- रायपुर, छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नं. 326/ 12, 344/18 रकबा क्रमशः 0.1420, 1.0520 हे. भूमि जो विक्रेता के नाम पर व्यक्तिगत स्वामित्व में दर्ज है, को मेरे पक्षकार के पक्ष में क्रय करने का पक्का एवं लिखित सौदा कर ब्याना प्राप्त कर लिया है। अब मात्र पंजीयन बैनामा का निष्पादन कराना शेष है। उपरोक्त संव्यवहार से अब किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, साहूकार, निकाय, शासकीय एवं अर्द्ध शासकीय विभाग अथवा भूमिस्वामी विक्रेता को किसी भी प्रकार से आपत्ति या दावा हो तो मय लिखित आपत्ति एवं पक्ष मेरे निम्न वर्णित कार्यालीन पते पर इस सूचना प्रकाशन के 07 दिनो के अंदर मय सुसंगत दस्तावेज प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत करे। बाद म्याद की गई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी एवं इस सूचना प्रकाशन के समक्ष अवैध, झुठी एवं नाजायज माना एवं समझा जावेगा तथा मेरा पक्षकार उपरोक्त वर्णित भूमि का पंजीयन बैनामा कराने हेतु स्वतंत्र एवं अधिकृत हो जावेगा।

सो सूचना जाने।

रायपुर, छ.ग.
दिनांक - 12.05.2026

भवदीय
मनोज अग्रवाल (अधिवक्ता)
पता एवं कार्यालय- अनंत विहार कॉलोनी,
दलदल सिवनी रोड़,
तीसरी गली, मोवा, रायपुर, छ.ग.
मो. 9827151576, 7049000137

**आम सूचना**

एतद् द्वारा आम जनता को सुचित किया जाता है कि 01 थनवारिन देवांगन, पति- मंगल चंद देवांगन, 02 बिसौहाराम देवांगन, 03 बिसम्भर देवांगन, 04 कमल नारायण देवांगन, 05 कमलेश देवांगन, 06 किरण देवांनग, 07 सावित्री देवांगन, सभी पिता मंगल चंद देवांगन, निवासी- ग्राम- निलजा, तहसील- धरसीवा, जिला रायपुर, छ.ग. के स्वत्व की पड़त भूमि जो ग्राम- निलजा, प.ह.नं. 10, रा.नि.मं. सारागांव, तहसील- धरसीवा, जिला रायपुर, छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नं. 128/1, 128/3, 129/9 रकबा क्रमशः 1.170, 0.174, 0.300 हे. भूमि जो विक्रेतागण के नाम पर संयुक्त स्वामित्व में दर्ज भूमि तथा उक्त भूमि में से सहखातेदार कमलेश देवांगन द्वारा अपने हक व हिस्से की 80 डिसमिल भूमि को मेरे पक्षकार के पक्ष में क्रय करने का पक्का एवं लिखित सौदा कर ब्याना प्राप्त कर लिया है। अब मात्र पंजीयन बैनामा का निष्पादन कराना शेष है। उपरोक्त सव्यवहार से अब किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, साहूकार, निकाय, शासकीय एवं अर्द्ध शासकीय विभाग अथवा भूमिस्वामी विक्रेता को किसी भी प्रकार से आपत्ति या दावा हो तो मैं लिखित आपत्ति एवं पक्ष मेरे निम्न वर्णित कार्यालीन पते पर इस सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के अंदर मय सुसंगत दस्तावेज प्रत्येक्ष रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत करे। बाद म्याद की गई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी एवं इस सूचना प्रकाशन के समक्ष अवैध एवं शुन्य माना एवं समझा जावेगा तथा मेरा पक्षकार उपरोक्त वर्णित भूमि का पंजीयन बैनामा कराने हेतु स्वतंत्र एवं अधिकृत हो जावेगा।

सो सूचना जाने।

रायपुर, छ.ग.
दिनांक - 12.05.2026

भवदीय
मनोज अग्रवाल (अधिवक्ता)
पता एवं कार्यालय- अनंत विहार कॉलोनी,
दलदल सिवनी रोड़,
तीसरी गली, मोवा, रायपुर, छ.ग.
मो. 9827151576, 7049000137

**सार्वजनिक सूचना/ नाम स्पष्टीकरण सूचना**

यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, परवेश सेन, पिता श्री शंकर लाल सेन, निवासी 39/350, 36 नगर, गोल्डन गली, वार्ड क्रमांक 50, टिकरापारा, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001, यह घोषित करता हूँ कि-

मेरे पिता का सही नाम "शंकर लाल सेन" है। मेरे शैक्षणिक दस्तावेज (10वीं की अंकसूची) में मेरे पिता का नाम "शंकर लाल सेन" अंकित है, जबकि अन्य दस्तावेजों में "शंकर लाल सेन" दर्ज है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

यह सूचना पासपोर्ट आवेदन एवं अन्य शासकीय अभिलेखों में नाम संबंधी त्रुटि के स्पष्टीकरण हेतु प्रकाशित की जा रही है।

अतः "शंकर लाल सेन" एवं "शंकर लाल सेन" को एक ही व्यक्ति माना जाए।

शपथकर्ता
परवेश सेन


पेज 11 का शेष

### दस साल बाद बदला ...

में नर्सिंग स्टाफ की सेवाओं को याद करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी नर्सों ने समर्पण और सेवा भाव के साथ कार्य किया। चिकित्सा सेवा में नर्स मां के समान होती है, उनका दर्जा मां के समान उच्च है, क्योंकि वे मरीजों की देखभाल परिवार की तरह करती हैं। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। वर्षों से लंबित कई सुविधाओं और व्यवस्थाओं को पूरा किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान मेडिकल कालेज के डीन डॉक्टर विवेक चौधरी, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर सहित अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारी, चिकित्सकगण तथा बड़ी संख्या में नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहे।








विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## सिस्टर नहीं मरीजों की 'मदर' बनकर सेवा कर रही नंदा

**रायपुर।** पचास बिस्तर के शहरी सामुदायिक स्वास्थ केंद्र आयुर्वेद हास्पिटल परिसर में वैसे तो नंदा नर्सिंग स्टाफ है मगर मरीजों के लिए वह मदर की भूमिका निभा रही है। छोटे से लेकर बुजुर्ग मरीजों का ख्याल रखने अक्सर वह नाइट ड्यूटी करती है। भर्ती होने वाले मरीज को देखकर ही उसे इस बात का अंदाजा हो जाता है कि उसे नर्स की जरूरत कब पड़ेगी।नर्सिंग स्टाफ नंदा की कर्मठता को देखते हुए अस्पताल में उसे बेस्ट नर्सिंग स्टाफ का अवार्ड भी दिया जा चुका है। नंदा की ड्यूटी अक्सर आईपीडी में होती है जहां विभिन्न उम्र के मरीज अपने इलाज के लिए भर्ती होते हैं। अस्पताल की प्रभारी डाक्टर कौशल्या पामभोई ने बताया कि रात के 2 बजे भी अगर कोई बच्चा बुखार में रो रहा होता है तो नंदा सबसे पहले उसके पास पहुंचती है। मरीज को जरूरी दवा देने के साथ के घरवालों को समझाईश देती है। मरीजों के ऑक्सीजन अथवा सलाइन बदलने या फिर अन्य जरूरतों को पूरा करने नंदा बिना घंटी बजाए अपने अनुभव के आधार पहुंच जाती है।मरीजों को दर्ज और इलाज के दौरान होने वाले दर्द से छुटकारा देने के लिए जरूरी दवा के साथ उसकी काउंसिलिंग भी बड़ा असर दिखाती है। अस्पताल के डाक्टरों के मुताबिक पारिवारिक जिम्मेदारी होने के बाद भी बिना थके, बिना शिकायत के काम करने वाली नर्सिंग स्टाफ नंदा की उपस्थिति से अस्पताल का बीपी कंट्रोल में रहता है। मौसम गर्मी, बारिश अथवा ठंड का हो नंदा ड्यूटी पर वह कभी लेट नहीं होती।

## डाक अदालत 20 मई को, सुलझेंगी समस्याएं

**रायपुर।** प्रवर अधीक्षक डाकघर रायपुर संभाग रायपुर द्वारा स्टेशन रोड स्थित रायपुर गंज उपडाकघर परिसर के कार्यालय में 20 मई को डाक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम डाक सेवाओं से संबंधित ग्राहकों की शिकायतों पर प्रत्यक्ष परिचर्चा करके उनका समाधान करने के लिए किया जाएगा। 'डाक अदालत' सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक लगाई जाएगी। डाक सेवाओं से संबंधित समस्त शिकायतें जैसे डाक वस्तुओं का वितरण, काउंटर सेवाएं, लघुबचत योजनाएं (आरडी, बचत बैंक, बचत पत्र इत्यादि) रजिस्ट्री, मनीआर्डर, वीपीपी पार्सल, एक्सप्रेस पार्सल, स्पीड पोस्ट, मनीआर्डर, डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा से संबंधित शिकायतों का समाधान डाक अदालत में किया जाएगा।

## आईपीएल मैच के दौरान दर्शकों से लूट, सिविल सोसायटी ने वित्त मंत्री से की शिकायत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिविल सोसायटी ने नवा रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित आईपीएल मैचों के दौरान दर्शकों के साथ हो रही अवैध वसूली और भारी ओवर चार्जिंग का मुद्दा उठाया है। इस संबंध में संस्था के संयोजक डॉ. कुलदीप सोलंकी ने प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है। वित्त मंत्री को प्रेषित पत्र में बताया गया कि 10 तारीख को हुए मैच के दौरान आरसीबी और बीसीसीआई के वेंडरों ने दर्शकों की मजबूरी का फायदा उठाया। 42-43 डिग्री की भीषण गर्मी के बीच सुरक्षा कारणों से पानी अंदर ले जाने पर पाबंदी थी, जिसका लाभ उठाकर 20 रुपये की पानी की बोतल 100 रुपये में बेची गई। स्टेडियम के अंदर सारा सामान केवल 'कैश' में बेचा जा रहा है। ग्राहकों को कोई आधिकारिक रसीद नहीं दी जा रही है, जो सीधे तौर पर भारी-भरकम जीएसटी चोरी का मामला है।

# पानी सप्लाई के लिए टैंकर टेंडर, 6 ठेकेदारों के रेट एक, सभी एल वन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पेयजल संकट से जूझ रहे रायपुर शहर में जलसंकट प्रभावित क्षेत्रों में किराये के पानी टैंकर के लिए जारी टेंडर विवादों में घिर गया है। टेंडर में जिन 6 ठेकेदारों को टैंकर चलाने का टेंडर मिला है, उन ठेकेदारों ने अपनी निविदा में एक जैसे रेट कोड किए हैं। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने पानी टैंकर टेंडर में भारी गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए इस गड़बड़ी में अधिकारी और ठेकेदारों की साठगांठ का आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि पिछले कुछ वर्षो से कुछ चुनिंदा फर्म ही सिंडिकेट बनाकर यह काम ले रही हैं। इसके चलते नए ठेकेदारों को टैंकर का टेंडर नही मिल रहा है।

**नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने 2.23 करोड़ के घोटाले का लगाया आरोप**

### हर बार वही 6 फर्म क्यों?

नेता प्रतिपक्ष ने सवाल उठाया है कि हर बार नगर निगम का जल विभाग वही 6 फर्मो को ही टैंकर टेंडर का ठेका क्यों देता है, इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए? उन्होंने आशंका जताई कि सभी निविदा दाताओं के रेट और तारीख एक जैसा होना संदेह को जन्म देता है। नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने जिन फर्मो का नाम लिया उनमें मेसर्स केशव प्रसाद पांडे, प्रज्ञा कंस्ट्रक्शन, परिमल कश्यप, अरविंद सिंह ठाकुर, प्रवीण दीक्षित, रफीक अहमद शामिल हैं।



### निगरानी का सिस्टम फेल जीपीएस का प्रावधान नहीं रखा

हैरानी की बात ये है कि शहर के जल संकट प्रभावित क्षेत्रों में किराये के पानी टैंकर की निगरानी के लिए जीपीएस सिस्टम लगाने की अनिवार्यता का प्रावधान निविदा शर्त में नहीं रखा गया है। सूत्रों के मुताबिक चहेते ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने निगम के विभागीय अधिकारियों ने टेंडर में इसकी अनदेखी की। बाद में जल वितरण व्यवस्था में खामी मिलने पर आनन फानन में 51 पानी टैंकरों में से केवल 32 पानी टैंकरों पर नगर निगम ने जीपीएस सिस्टम लगवाए। यानी 40 फीसदी किराये के पानी टैंकर में निगरानी का सिस्टम ही नही लगा है। इसकी जांच कराने नेता प्रतिपक्ष निगम आयुक्त से मांग की है।

दरअसल, पेयजल आपूर्ति के नाम पर नगर निगम और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने अमृत मिशन और शहर के 15 वार्डो में 24 घंटे पेयजल आपूर्ति की योजना के तहत 600 करोड़ रुपए खर्च कर नई पाइप लाइन बिछाई, इंटरकनेक्शन कराया। इसके बाद भी शहर के कई वार्डो में पेयजल संकट गहराया हुआ है। इन इलाकों में किराये के पानी टैंकर चलाने नगर निगम द्वारा इस बार भी टेंडर किया गया। लेकिन प्रक्रिया को लेकर सवाल उठने लगे है। नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने कहा कि पिछले साल जिन 6 फर्मो को टैंकर चलाने का ठेका मिला था, इस साल भी उन्हीं को काम सौप दिया गया। इस तरह निगम में 2 करोड़ 23 लाख का टैंकर घोटाला हुआ है।

### खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने थोक में नष्ट कराई सामग्री, फल भी मिले सड़े-गले

# मुनाफे का लालच... बाजार में अचार से लेकर आटा तक बिक रहा एक्सपायरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुनाफे के लालच में कारोबारी ग्राहकों को एक्सपायरी खाद्य सामग्री परोसने और बेचने से बाज नहीं आ रहे। बाजार में अचार से लेकर आटा और छाछ से लेकर मिठाई तक एक्सपायरी बिक रही है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने 15 दिन तक प्रदेश में जांच अभियान चलाया, तो यह हकीकत सामने आयी है। सड़े-गले फल के साथ अन्य सामग्री को नष्ट कराने के साथ कई व्यापारियों पर कार्रवाई और दर्जनों को कड़ी चेतावनी जारी की गई है।

- **कई दुकानदारों पर कार्रवाई, दर्जनों को नियमानुसार व्यापार करने की चेतावनी**

खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता परखने के लिए एफडीए ने 27 अप्रैल से 11 मई तक सही दवा-शुद्ध आहार का अभियान चलाया था। इस अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं मानकों के पालन की स्थिति का जमीनी स्तर पर आकलन किया गया। मामला चौंकाने वाला हो सकता है कि जांच के दौरान विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और वेंडरों में एक्सपायरी हो चुके खाद्य पदार्थों की बिक्री की जा रही थी। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने जांच के लिए जिला प्रशासन, पुलिस विभाग की मदद से स्ट्रीट वेंडर्स, डेयरी, स्वीट्स शॉप, जूस कॉर्नर, कन्फेक्शनरी उत्पाद, मिठाई दुकान, फल सब्जी विक्रेता, ढाबा इत्यादि की जांच के लिए अलग- अलग दिन निर्धारित किया था। इस अवधि कुल 2631 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। संदेह के आधार पर गुणवत्ता परीक्षण के लिए 176 खाद्य नमूना संकलित किया।

**15 दिन की जांच में खुली पोल**





### स्टिकर लगे फल की बिक्री नहीं

जांच के दौरान व्यापारियों को बताया गया कि संस्थान में लाइसेंस डिस्प्ले करने, मेडिकल फिटनेस, खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण तथा खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन करें। खाद्य पदार्थों के निर्माण व विक्रय के दौरान हैंड ग्लब्स, अप्रन आदि का उपयोग अनिवार्य रूप से करने के लिए निर्देशित किया गया। फलों को कार्बाइड से नहीं पकाने व स्टिकर लगे फल का विक्रय नहीं करने निर्देश दिया गया। दूध में किसी भी प्रकार से मिलावट नहीं करने, हैंड ग्लब्स, हेड कैप उपयोग करने, पनीर में किसी भी प्रकार से मिलावट नहीं करने निर्देश दिया गया।

### 2776 प्रतिष्ठानों में पहुंचे ड्रग इंस्पेक्टर

अभियान के दौरान 2776 से अधिक औषधि एवं कॉस्मेटिक प्रतिष्ठानों शासकीय एवं निजी अस्पतालों का निरीक्षण औषधि निरीक्षकों ने किया। संदिग्ध औषधियों एवं उत्पादों के कुल 64 नमूने जांच हेतु संकलित किए गए। निरीक्षण के दौरान औषधियों के भंडारण, लेबलिंग, क्रय-विक्रय अभिलेख, एक्सपायरी दवाओं की उपलब्धता, कोल्ड चेन प्रबंधन, तापमान नियंत्रण प्रणाली तथा औषधियों की वैधता संबंधी अभिलेखों की विस्तृत जांच की गई।संदेह के आधार पर कुछ संस्थानों से नमूने भी संकलित किये गए एवं कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

### नष्ट कराए गए खाद्य पदार्थ

- सरगुजा के डेली निड्स एवं बेकरी से 3 लाख के एक्सपायरी खाद्य पदार्थ नष्ट, 50 हजार का जुर्माना, इसके अलावा 100 किलो पनीर
- बिसलेरी सोडा, नेचर क्राउन खजूर, सोन केक, सोनपापड़ी, आइसक्रीम, क्रीम रोल, चॉकलेट, चिप्स, कोकोनट पावडर, ब्रेड, कोल्डड्रिंक
- नीलांस अचार, चाट मसाला, सूजी, चायपत्ति, आटा, वेनिगर, स्प्रिंग रोल, ढोकला एवं डेयरी पाउडर, गाय छाप रंग, आटा, दलिया, बिस्किट
- बालूशाही, खस्ता, बूंदी लड्डू, मोजो मशरूम, अमूल छाछ के अलावा भारी मात्रा में सड़े फल के साथ स्ट्रीट वेंडरों से गुपचुप पानी

# चैंबर की कार्यकारिणी बैठक में 1100 नए सदस्यता आवेदनों को मंजूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को एमएम फनसिटी, बकतरा में आयोजित हुई। कोरम के अभाव में बैठक आधे घंटे के लिये स्थगित कर दी गई। इसके बाद विषय सूची के अनुसार बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई। बैठक में 1100 प्राप्त नये सदस्यता आवेदन पत्रों की सूक्ष्म जांच के बाद स्वीकृति प्रदान की गई। 35 सदस्यों से प्राप्त आवेदन फर्मों के नाम, स्थान, प्रतिनिधि के नाम परिवर्तन, रुपए 2000 से अधिक के खर्च की स्वीकृति सहित अन्य विषय अध्यक्ष सतीश थौरानी की अनुमति से हुई।

- **15 अगस्त के बाद सदस्यता शुल्क में होगा परिवर्तन**

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि चैंबर के आजीवन सदस्यों की सदस्यता शुल्क 15 अगस्त 2026 तक 3500 रुपए रहेगी उसके बाद चैंबर सदस्यता शुल्क में परिवर्तन किया जाएगा। साथ ही चैंबर के सभी सदस्यों के लिये 3 वर्ष के लिये मेंटनेंस शुल्क के रूप में 500 रुपए लिया जायेगा।

चैंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारी व्यापारी एकता के माध्यम से ही हम शासन-प्रशासन से व्यापारिक हित में अपनी मांग दृढ़ता से रख सकते हैं। प्रदेश का व्यापार जगत सुरक्षित हाथों में है और नई उंचाईयों को छूने के लिये तैयार है। जब हम एकजुट होकर बात करते हैं तो शासन-प्रशासन भी हमारी बात सुनता है। श्री थौरानी ने कहा कि चैंबर का प्रभाव ऐसा है कि संगठन के किसी भी इकाई में सदस्यों एवं व्यापारियों को कोई परेशानी आती है तो उनका समाधान तुरंत होता है।

# 9वीं कक्षा में दाखिले के लिए हो प्रवेश परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने स्कूल शिक्षा विभाग व लोक शिक्षण संचालनालय को पत्र लिखकर बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए 9 वीं कक्षा में 'प्रवेश परीक्षा' आयोजित करने एवं न्यूनतम उपस्थिति के संबंध में नियम बनाने की मांग की है। शिक्षक संघ ने कहा, 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम बेहतर हो इसके लिए युक्तिसंगत व कक्षागत ज्ञान के छात्रों को ही प्रवेश दिया जाए। अभी तक ड्रापआउट रोकने के लिए कक्षा 8वीं के समस्त छात्रों का कक्षा 9वीं में प्रवेश होता है, जिससे 10वीं-12वीं बोर्ड का परिणाम उच्चतर नहीं आ पाता है। यदि किसी विद्यालय के प्रदर्शन का पैमाना बोर्ड परीक्षा परिणाम ही है तो शैक्षणिक व्यवस्था में जो मात्रात्मक प्रवेश है उसमें गुणात्मक सुधार किया जाए। गौरतलब है कि बोर्ड परीक्षा में खराब प्रदर्शन के कारण बालोद जिले के 8 प्राचार्यों को सस्पेंड किया गया है जबकि 14 प्राचार्यों की वेतनवृद्धि रोकी गई है।

- **कमजोर छात्रों के लिए जिला और ब्लॉक में खुले आवासीय उपचारात्मक स्कूल**

### प्रतिस्पर्धा आवश्यक

बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए सुझाव भी संघ ने दिए हैं। शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा, कक्षा 9वीं में बिना किसी मापदंड के प्रवेश दिए जाने के कारण शैक्षणिक स्तर में गिरावट देखा जा रहा है। यदि प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाए, तो केवल वे ही विद्यार्थी प्रवेश पा सकेंगे जो शैक्षणिक रूप से सक्षम होंगे। इससे कक्षा में प्रतिस्पर्धा का वातावरण बनेगा जिससे शिक्षकों को औसत से ऊपर के विद्यार्थियों को पढ़ाने और बोर्ड परीक्षा के लिए तैयार करने में सुगमता होगी। जब प्रवेश के स्तर पर ही छंटनी (की जाएगी, तो हाई स्कूल स्तर पर शिक्षकों को ऐसे विद्यार्थी प्राप्त होंगे जिनका आधार मजबूत होगा।

# फाफाडीह अंडरब्रिज में जलभराव विधायक पुरंदर मौके पर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के फाफाडीह अंडरब्रिज में गंदा पानी भरने से लोगों की आवाजाही प्रभावित होने और इससे दोपहिया वाहन चालकों के स्लिप होकर गिरने की शिकायत को लेकर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा मंगलवार को एक्शन मोड में नजर आए। मौके पर पहुंचकर पहुंच कर उन्होंने हालात का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान कराने निर्देश दिए। विधायक पुरंदर मिश्रा के निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि फाफाडीह क्षेत्र के रमन मंदिर वार्ड में छहमुंहा नाले में भारी मात्रा में कचरा और गाद जमा होने से जलनिकासी व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई थी। नालों की सफाई नहीं होने के कारण चुनाभट्टी बस्ती सहित फाफाडीह अंडरब्रिज के आसपास जलभराव की स्थिति



निर्मित हो गई, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को विधायक पुरंदर मिश्रा ने तत्काल सफाई अभियान चलाने, नाले की गाद हटाने और जलनिकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

- **स्थायी समाधान के निर्देश दिए**

निरीक्षण के दौरान रायपुर नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर, फाफाडीह मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र गंडेचा, एमआईसी सदस्य महेन्द्र खोडियार, वार्ड पार्षद खगपति सोनी, पूर्व पार्षद गोपाल सोना सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

# सरकारी दफ्तर से योजना के तहत कराई गई 9 एसी आउटडोर यूनिट की चोरी, 6 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ भाड़ा नियंत्रण अधिकरण दफ्तर के परिसर से 9 एसी आउटडोर यूनिट की चोरी के मामले में 6 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार यह चोरी योजनाबद्ध तरीके से कराई गई थी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में चोरी की योजना बनाने वाले से लेकर चोरी करने तथा चोरी के आउटडोर यूनिट खरीदने वाले भी शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के सभी आउटडोर यूनिट बरामद किया है।

मौदहापारा थाना प्रभारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ भाड़ा नियंत्रण अधिकरण कार्यालय परिसर से एसी आउटडोर यूनिट चोरी किए जाने के मामले में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए मामले की जांच करते हुए पुलिस ने इस वारदात में शामिल अरविंद कुमार मुखर्जी उर्फ बंटी 58 वर्ष निवासी मौदहापारा, बशारत 22 वर्ष, मोहम्मद दानिश तंवर 23 वर्ष, दानिश खान 22 वर्ष, शाह हुसैन 24 वर्ष एवं हसीम हुसैन उर्फ सोनू 34 वर्ष शामिल है। सभी आरोपी थाना आजाद चौक क्षेत्र के निवासी हैं।



### गार्ड से पूछताछ पर घटना का खुलासा

इस घटना का खुलासा कार्यालय परिसर में कार्यरत गार्ड से पूछताछ के बाद हुई है। पूछताछ में पुलिस को पता चला कि आरोपियों ने सुनसान एवं अवकाश के दिन कार्यालय परिसर में लगे एसी आउटडोर यूनिट चोरी करने की योजना बनाई थी। आरोपियों ने 10 मई को मिलकर कार्यालय परिसर में लगे 9 एसी आउटडोर यूनिट को निकालकर एक ई-रिक्शा वाहन में लोड किया और सीधे मंगल बाजार क्षेत्र में पुराने एसी की खरीदी-बिक्री करने वाले व्यक्ति से संपर्क कर उसे एक लाख 80 हजार रुपए में बेच दिया। बिक्री की रकम को आरोपियों ने आपस में बांट लिया था।

### अरविंद ने बनाई थी योजना

पुलिस के अनुसार आरोपियों में अरविंद मुखर्जी ने चोरी की योजना बनाई थी, वहीं बशारत, दानिश एवं शाह हुसैन ने आउटडोर यूनिट निकाले थे। इन दोनों की परिवहन एवं बिक्री करने में भी भूमिका रही। चोरी के यूनिट हाशिम हुसैन ने खरीदे थे। पुलिस ने उसके कब्जे से ही सभी यूनिट बरामद किए हैं।

माधवराव सप्रे वार्ड में सफाई व्यवस्था बदहाल, औचक निरीक्षण में मिली सफाई में खामी

# यादवपारा, सतनामी पारा के आसपास कचरे का ढेर भड़के मूणत, सफाई ठेकेदार पर 20 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर निगम प्रशासन संजीदा नहीं है। सफाई ठेकेदारों की निगम के अधिकारियों के साथ साठगांठ के कारण वार्डो की सफाई खस्ताहाल है। नगर निगम जोन 8 के माधवराव सप्रे वार्ड में औचक निरीक्षण पर निकले पूर्व कैबिनेट मंत्री और रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत उस समय भौंचक रह गए जब उन्हें यादवपारा और सतनामी पारा के आसपास कचरों का ढेर और गंदगी देखने को मिली। सफाई में कोताही को लेकर राजेश मूणत ने नाराजगी जताई और अनुबंधित सफाई ठेकेदार मेसर्स शिवकृपा कंस्ट्रक्शन को नोटिस जारी कर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल ने ठेकेदार

- **सफाई ठेकेदार मेसर्स शिव कृपा कंस्ट्रक्शन को नोटिस, जुर्माना भी**



पर 20 हजार जुर्माना लगाया। यह कार्रवाई केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान की तैयारी के दौरान लापरवाही पाए जाने पर की गई। ठेकेदार को 2 दिन के भीतर सफाई व्यवस्था सुधारने कड़ी हिदायत दी गई। इस दौरान वार्ड पार्षद महेंद्र औसर भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान नालियां जाम मिलने और गंदगी पाए जाने पर क्षेत्र में कार्यरत सफाई सुपरवाइजर मिथिलेश डहरिया और फूलसिंह यादव को हटाने के निर्देश संबंधित ठेकेदार को दिए गए।

**महापौर मीनल ने नाला निर्माण का किया निरीक्षण**

महापौर मीनल चौबे ने मंगलवार को जोन 5 के वामनराव लाखे वार्ड और जोन 6 के महामाया मंदिर वार्ड के अंतर्गत वार्डो में बारिश में जलभराव की समस्या दूर करने बनाए जा नाला निर्माण की प्रगति का स्थल पर प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बारिश से पूर्व नाला निर्माण कार्य पूरा करना सुनिश्चित करें, ताकि नागरिकों को जलभराव की समस्या से परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान महापौर ने कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि समय सीमा के भीतर नाला निर्माण पूरा नहीं हुआ तो संबंधित ठेकेदार के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। महापौर मीनल चौबे ने अधिकारियों से कहा कि नाला निर्माण के लिए आवंटित राशि का पूर्ण सदुपयोग किया जाए, कार्य की गुणवत्ता में किसी तरह का समझौता न हो। प्रोफेसर कालोनी के भैया तालाब के समीप बन रहे नाला निर्माण की समीक्षा करते हुए



मुख्य ड्रेनेज सिस्टम से जोड़ने के निर्देश दिए। महापौर ने निर्माण कार्यो के साथ ही वार्डो की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। कुशालपुर क्षेत्र में जगह-जगह गंदगी और कचरे का ढेर देख कर महापौर मीनल चौबे नाराज हुई और जोन स्वास्थ्य अधिकारी तत्काल सफाई अभियान चलाने निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद कृष्णा सोनकर, जयश्री नायक, अधीक्षण अभियंता इमरान खान, संबंधित जोन कमिश्नर मौजूद रहे।



02


नर्सिंग प्रोफेशन सेवाभाव और समर्पण ....

## एजुकेशन अलर्ट

### एनटीपीसी में असिस्टेंट ऑफिसर के पदों पर भर्ती शुरू, 22 मई तक आवेदन




**रायपुर।** सरकारी नौकरी का सपना देख रहे युवाओं के लिए खुशखबरी है। नेशनल थर्मल पॉवर कॉर्पोरेशन यानी कि एनटीपीसी में असिस्टेंट ऑफिसर के रिक्त पदों पर भर्ती निकाली गई है। भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया स्टार्ट हो गई है जो 22 मई तक जारी रहेगी। पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थी तय तिथि के अंदर ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट careers.ntpc.co.in पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं। इस भर्ती में आवेदन के लिए उम्मीदवार ने पर्यावरण में 60 फीसदी अंकों के साथ इंजीनियरिंग डिग्री प्राप्त की हो या पर्यावरण इंजीनियरिंग/ पर्यावरण विज्ञान/ पर्यावरण प्रबंधन में पीजी/ पीजी डिप्लोमा/ एमएससी/ एमटेक/ पर्यावरण इंजीनियरिंग/ पर्यावरण विज्ञान/ पर्यावरण प्रबंधन में विशेषज्ञता के एमटेक किया हो। इसके अलावा उम्मीदवार की अधिकतम आयु 30 साल से ज्यादा न हो। आरक्षित वर्ग को ऊपरी उम्र में नियमानुसार छूट मिलेगी।

#### परीक्षा का वेटेज 85 फीसद व इंटरव्यू के लिए 15 फीसदी तय

इस भर्ती के लिए चयन लिखित/ कंप्यूटर आधारित परीक्षा एवं इंटरव्यू के माध्यम से किया जायेगा। चयन के लिए परीक्षा का वेटेज 85 फीसद एवं इंटरव्यू के लिए 15 फीसदी तय है। इस भर्ती में शामिल होने के लिए उम्मीदवार स्वयं ही आवेदन कर सकते हैं। आपकी सहूलियत के लिए यहां आवेदन की स्टेप्स एवं लिंक उपलब्ध करवाया जा रहा है। फॉर्म भरने के लिए सर्वप्रथम ऑफिशियल वेबसाइट **careers.ntpc.co.in** पर जाएं। वेबसाइट के होम पेज पर भर्ती से संबंधित **Apply** लिंक पर क्लिक करें। इसके बाद **New users**/ रजिस्टर पर क्लिक करके मांगी गई डिटेल भरकर पंजीकरण कर लें। अब **Login** के माध्यम से अन्य डिटेल भरकर फॉर्म को पूरा करें। निर्धारित फीस (यदि लागू हो) जमा करें। फॉर्म को सबमिट कर दें और उसका एक प्रिंटआउट निकालकर सुरक्षित रख लें।

● नए शैक्षणिक सत्र को लेकर महीनेभर पहले मम्मी-पापा तैयारी में जुटे, स्टेशनरी, लंच बॉक्स, बैग, यूनिफार्म से करा रहे दोस्ती

# फर्स्ट स्कूल गोइंग बच्चों की घर पर प्री-क्लास रूम प्रैक्टिस पैरेंट्स सिखा रहे अक्षर, चित्रों की पहचान और टाइम मैनेजमेंट

नए शैक्षणिक सत्र में पहली बार स्कूल जाने वाले बच्चे समर में घर पर ग्रूम हो रहे हैं। ऐसे बच्चों के पैरेंट्स महीनेभर पहले से क्लास रूम की आदत डालने का अभ्यास करा रहे हैं। इसके लिए बच्चों को अक्षरों, वस्तुओं से संबंधित चित्रों की पहचान करना सिखा रहे हैं। इसके साथ-साथ घर से बाहर स्कूल जाने के लिए कितने समय तैयार होना है, क्या-क्या सामान अपने साथ लेकर जाना है। इसकों लेकर बच्चों को लंच बॉक्स, बैग, किताबों और यूनिनफार्म से दोस्ती कराई जा रही हैं, ताकि स्कूली सीजन में बच्चे इस गतिविधियों में आसानी खुद को डाल सके।



### स्कूल बुक्स लिस्ट के अनुरूप इन स्टेशनरी

*ड्राइंग शीट, ओरीगेमी शीट, प्लास्टिसिन, फेविकोल, क्रेयॉन, पेंसिल बॉक्स बच्चों को पेंसिल, रबर, शार्पनर आदि पोस्टर रंग, बटन फोल्डर, बच्चों को अपनी कला और शिल्प परियोजनाओं को व्यवस्थित रखने में मदद करता है। वहीं ब्लैक परमानेंट बोल्ड मार्कर ड्राइंग शीट पर लिखने और लेबल करने के लिए उपयोग किया जाता है। रंगीन पेपर ए-4 साइज कला और शिल्प परियोजनाओं के लिए उपयोग किया जाता है। पैरेंट्स ने बच्चों की जरूरत व पसंद के हिसाब से लर्निंग स्टेशनरी में कॉपी, किताबें, पेन, पहाड़ा, पेंसिल, लंच बॉक्स, यूनिफार्म की खरीदारी कर ली है।*

**रायपुर।** पैरेंट्स फट्र्स स्कूल गोविंग बच्चों के लिए पढ़ाई-लिखाई के लिए जरूरी स्टेशनरी की सामान बाजार से खरीद चुके हैं। प्राइवेट व सरकारी दोनों ही स्कूलों में पहली बार प्रवेश लेने वालों बच्चों को पैरेंट्स बुक्स सूची के अनुरूप कॉपी, किताबें उपलब्ध करा लिए हैं। गौरतलब है कि प्रदेश के सभी स्कूलों में आगामी 16 जून से शाला प्रवेशोत्सव के साथ नए शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो जाएगा। ऐसे में बच्चों के स्कूल जाने को लेकर पैरेंट्स तैयारी में जुटे हुए हैं। शहर की सुधा शर्मा और अनुराग शर्मा ने बताया कि उनके चार साल का बेटा अनमोल शर्मा पहली बार नर्सरी क्लास जाएगा। ऐसे में उनके स्कूल स्टार्ट होने से पहले उन्हें स्कूल जाने व



क्लास की बेसिक तैयारी करा रहे हैं। अनमोल बहुत ही उत्साह के साथ स्टेशनरी सामान से खेल-खेल में जुड़ाव महसूस कर रहा है। इसके साथ ही स्टेशनरी बाजार में भी नए सत्र सिलेबस की किताब, कॉपी, पेन, पेंसिल पहुंच गई है। जहां पैरेंट्स शहर के गोलबाजार स्थित स्टेशनरी की दुकानों पर खरीदारी करते दिख रहे हैं।



### गुड मैनर्स भी सीख रहे बच्चे

पहली बार स्कूल जाने वाले बच्चे न केवल पढ़ाई, बल्कि गुड मैनर्स यानी शिष्टाचार भी सीख रहे हैं। संतोषी नगर निवासी अंशिका साहू व जयंत साहू ने बताया कि उनकी नन्ही बेटी देविका साहू पहली बार स्कूल जाएगी। ऐसे में उन्हें अक्षर ज्ञान के साथ ही घर पर गुड मैनर्स जैसे थैंक यू, प्लीज और सॉरी कहना, बड़ों का सम्मान करना, मिल-बांटकर खेलना तथा कक्षा में अनुशासित रहना सिखा रहे हैं, जो उनके घर से बाहर स्कूल के लिए बेहद जरूरी है। इसके अलावा टॉयलेट ट्रेनिंग, खुद भोजन खाना, स्कूल के लिए समय पर तैयार होना और अपनी चीजें बैग, पानी की बोतल संभालना सिखा रहे हैं।



### कार्टून शेप में वन-टू का पहाड़ा

रंग-बिरंगे कार्टून पिक्चर कवर वाले पहाड़े व कलरफिल इन नंबर बुक्स से बच्चे गिनती सिख रहे हैं। पैरेंट्स बच्चों को खेल-खेल में कार्टून की शेप में वन-टू नंबर्स को दिखाकर-लिखने, बोलने और रंग भरकर बहुत ही सरल व रचनात्मक तरीके से पहाड़ा गिनती सिखाने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं। वहीं पिक्चर कवर में स्टार, बलून, बादल, सूरज, इंद्रधनुष, फ्लॉवर्स, कार, डॉल कार्टून प्रिंट वाली जम्बो स्पार्कलिंग कॉपी कलर बुक्स से रंगों व प्रकृति को पहचानना सिखा रहे हैं।



## कैंपस लाइव

### ट्रिपल आईटी में पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया शुरू विदेशी शोधार्थियों संग रिसर्च का मिलेगा मौका



**रायपुर।** नवा रायपुर स्थित ट्रिपल आईटी में ऑटम सेमेस्टर-2026 के लिए पीएचडी प्रवेश हेतु रोलिंग विज्ञापन जारी किया है। संस्थान ने विभिन्न कोर एवं बहुविषयी क्षेत्रों में शोध करने के इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। शोधार्थियों को इटली, नॉर्वे, जर्मनी एवं ऑस्ट्रिया जैसे देशों के विश्वविद्यालयों एवं विशेषज्ञों के साथ संयुक्त शोध एवं अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के अवसर प्राप्त होंगे। संस्थान का उद्देश्य ऐसे शोधार्थियों को तैयार करना है, जो भविष्य में अकादमिक, उद्योग, शासन तथा अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर योगदान दे सकें। इन शोधार्थियों के लिए नियमानुसार संस्थान स्कॉलर श्रेणी के अंतर्गत चयनित पूर्णकालिक शोधार्थियों को भारत सरकार के प्रचलित मानकों के अनुसार टीचिंग, रिसर्च छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। शोधार्थियों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठित सम्मेलनों में शोधपत्र प्रस्तुत करने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा तथा संस्थान की नीति अनुसार वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। संस्थान नवाचार-आधारित तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े शोध को विशेष प्राथमिकता देता है। अनुभवी फैकल्टी, आधुनिक प्रयोगशालाएं, बहुविषयी शोध वातावरण तथा वैश्विक सहयोग इस कार्यक्रम की विशेष पहचान हैं। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे पात्रता, शोध क्षेत्रों, आवेदन प्रक्रिया एवं प्रवेश श्रेणियों की विस्तृत जानकारी हेतु संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर प्राप्त कर सकेंगे।

> संस्थान ने पीएचडी प्रवेश ऑटम सेमेस्टर-2026 के लिए आवेदन किए आमंत्रित

#### इन विषयों पर पीएचडी के अवसर

संस्थान में पीएचडी कार्यक्रम के अंतर्गत कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, गणित, भौतिकी, मानविकी एवं प्रबंधन जैसे विषयों के साथ-साथ बिजनेस इन्फॉर्मेटिक्स, साइबर सिक्योरिटी एवं डिजिटल फॉरेंसिक्स, डिजिटल ह्यूमेनिटीज, डिजिटल मोबिलिटी तथा क्वांटम टेक्नोलॉजी जैसे उभरते अंतर्विषयी क्षेत्रों में शोध के अवसर उपलब्ध होंगे।

## बस्तर आइडल-26 ग्रैंड फिनाले में 10 साल की अरुणिमा ने जूनियर केटेगरी में जीता खिताब

**रायपुर।** बस्तर आइडल-26 का ग्रैंड फिनाले में शहर की 10 वर्षीय नन्ही गायिका अरुणिमा शर्मा रनरअप बनीं। जूनियर केटेगरी में अरुणिमा ने सुपरहिट गीत 'पिया तोसे नैना लागे रे' की सुमधुर प्रस्तुति देकर द्वितीय रनरअप का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोकगायक सुनील सोनी, सुप्रसिद्ध गायिका प्रज्ञा त्रिवेदी एवं संगीतकार अतीक रहमान उपस्थित रहे। अरुणिमा को 11 हजार रुपए नकद पुरस्कार, स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं गिफ्ट वाउचर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव तथा जगदलपुर महापौर संजय पांडेय उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। राग द म्यूजिकल ग्रुप जगदलपुर द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित गायन प्रतियोगिता बस्तर आइडल-2026 का ग्रैंड फिनाले निर्मल विद्यालय प्रांगण, जगदलपुर में भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के रायपुर, दुर्ग, बस्तर संभाग सहित पड़ोसी राज्य ओडिशा के प्रतिभागियों ने अपनी संगीतमय प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। आयोजक राग द म्यूजिकल ग्रुप के संचालकों ने बताया कि बस्तर आइडल का उद्देश्य बस्तर अंचल सहित पूरे छत्तीसगढ़ की छिपी हुई गायन प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है।




#### गौरवान्वित करने वाला पल

अरुणिमा के पिता अजीत शर्मा ने इस उपलब्धि पर गौरवान्वित महसूस करते हुए कहा कि बेटी की इस उपलब्धि पर पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। अरुणिमा की बचपन से ही गायन व वादन में विशेष रुचि है। 10 साल के उम्र में वे अब तक संगीत प्रतियोगिताओं के मंच पर अपनी बेमिसाल गायकी और आत्मविश्वास से न केवल जजेस, बल्कि हजारों दर्शकों का दिल जीत चुकी हैं। उन्होंने एक बार फिर से बस्तर आइडल-2026 में खुद को साबित किया है। इस उपलब्धि पर हर्ष का माहौल व्याप्त है।

## सूबेदार-उपनिरीक्षक संवर्ग, प्लाटून कमांडर की प्रारंभिक लिखित परीक्षा 12 जुलाई को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा सूबेदार-उपनिरीक्षक संवर्ग, प्लाटून कमांडर के पद के लिए 12 जुलाई को लिखित परीक्षा आयोजित किया गया है। यह परीक्षा रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक 33 जिले में केंद्र में रखी गई है। इस परीक्षा के लिए इन जिलों से कुल 1 एक 37 लाख 323 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे। छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय द्वारा दस्तावेज एवं शारीरिक माप परीक्षण के बाद कुल 63 हजार 342 अभ्यर्थी पात्र पाए गए। शारीरिक माप परीक्षण के बाद अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों की प्रारंभिक लिखित परीक्षा आयोजित किया जा रहा है। सूबेदार/उपनिरीक्षक संवर्ग/प्लाटून कमांडर के पद के प्रारंभिक लिखित परीक्षा के लिए जिला सरगुजा-अंबिकापुर, कोरिया -बैकुण्ठपुर, बिलासपुर, धमतरी, दुर्ग, दंतेवाड़ा, बस्तर -जगदलपुर, जांजगीर-चांपा, जशपुर, कवर्धा, उत्तर बस्तर कांकेर को केन्द्र बनाए गए हैं। इसी प्रकार कोरबा, महासमुन्द, रायपुर, रायगढ़, राजनांदगांव, बलौदाबाजार-भाटापारा, बलरामपुर- रामानुजगंज, सूरजपुर, गरियाबंद, नारायणपुर, कोण्डागांव, बीजापुर, सुकमा, बेमेतरा, बालोद, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, मुंगेली, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, सक्ती, सारंगढ़-बिलाईगढ़ के परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा सूबेदार/उप निरीक्षक संवर्ग/प्लाटून कमांडर के पद के लिए प्रारंभिक लिखित परीक्षा का प्रवेश पत्र 15 दिन पहले जारी कर दिया जाएगा।

ट्रेडिशनल डेकोरेशन, नयाब कारीगरी और गुणवत्ता के कारण नए जनरेशन में हो रहा खूब लोकप्रिय

कार्नर न्यूज

# बांस शिल्प आर्ट से घर को दे रहे इकोफ्रेंडली टच, फ्लॉवर पॉट, कुर्सियों और शोकेस की डिमांड

**रायपुर।** घरों के साज-सजावट से एक सकारात्मक वातावरण बनाया जा सकता है, इसलिए आजकल लोग अलग-अलग थीम बेस्ड होम इंटीरियर डिजाइनिंग कराना पसंद करते हैं। इसी थीम बेस्ड होम डेकोर इंटीरियर डिजाइन में पारंपरिक बांस शिल्प आर्ट का चलन काफी बढ़ा है। शहर में आजकल घर के किसी खास हिस्से, जैसे बैठक हॉल, डायनिंग रूम, स्वीमिंग पूल, लॉन आदि जगहों को पारंपरिक ट्राइबल लुक देने के लिए बांस शिल्प आर्ट से बने सजावटी आइटम से सजा रहे हैं। राजधानी में तेलीबांधा रोड स्थित बांस शिल्प आर्ट व डेकोर आइटम के विक्रेता राकेश से बांस शिल्प आर्ट से बने सजावटी सामानों के सिटी में डिमांड और उनकी कीमत के बारे में जानकारी ली गई। इस पर राकेश ने बताया कि 200 रुपए कीमत से 2500 रुपए से अधिक तक के बांस शिल्प आर्ट सजावटी बांस के फर्नीचर, जैसे कि मेज, कुर्सी, बिस्तर और सोफे, अपनी मजबूत और टिकाऊ सामग्री के कारण लोकप्रिय हैं। बांस एक नवीकरणीय और टिकाऊ संसाधन है, इसलिए यह पर्यावरण के अनुकूल





शिल्प है। बांस शिल्प कला कारीगरों को अपनी रचनात्मकता व्यक्त करने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका का एक महत्वपूर्ण साधन है, जो लोगों को रोजगार और आय के अवसर प्रदान करती है। बांस से बने फूलदान, लैंप, विंड चाइम और दीवार सजावट जैसे सजावटी आइटम भी अच्छी खासी डिमांड हो रही है।

#### ऑफिस व होम डेकोर में बढ़ा चलन



बांस शिल्प आर्ट में आधुनिक मशीनें आने से कारीगरों को सजावटी सामानों को मनमुताबिक डिजाइन देने में सहूलियत हुई है। आर्डर के मुताबिक बांस शिल्प आर्ट की सजावटी आइटम बनाया जाता है। पिछले 5 सालों में लोग में बांस शिल्प आर्ट से बने सजावटी सामानों को लेकर रूझान बढ़ा है। वे घरों, ऑफिस, रेस्टोरेंट जैसी जगहों पर बांस शिल्प के सजावटी सामग्रियों से पारंपरिक लुक दे रहे हैं।

#### महाराष्ट्र, बेंगलुरु, गोवा तक धमक

बांस शिल्प आर्ट से बने सजावटी सामग्रियों की डिमांड शहर व प्रदेश के अलावा दूसरे राज्यों में भी है। महाराष्ट्र, बेंगलुरु, मध्य प्रदेश से लेकर गोवा तक सप्लाई की जाती है। यहां बांस की कलाकृतियों की अच्छी खासी डिमांड हैं। यहां बांस का गुलदस्ता, लैंप, आभूषण, पैन स्टैंड, टोकरी, लैंप, दीवार घड़ी आइटम की खूब मांग है।

## सिटी लाइव

# पेपर पर लिखा फ्रेंड का नाम जो कॉमन वही बनीं विजेता



**रायपुर।** समूह में जुड़ी महिलाएं आपस में दोस्त तो होती हैं, लेकिन कोई न कोई एक सदस्य ऐसी भी होती है, जो आमतौर पर सभी की कॉमन फ्रेंड होती है। महाराष्ट्र मंडल के वल्लभनगर महिला केंद्र की टीम ने अपने बीच की ऐसी ही कॉमन फ्रेंड की तलाश करने के लिए एक अनोखे पर्ची गेम का आयोजन किया। सभी महिलाओं ने अपने एक सबसे प्रिय फ्रेंड का नाम एक पर्ची पर लिखा। इसमें जिस महिला का नाम सबसे ज्यादा लोगों ने लिखा, वही महिला कॉमन फ्रेंड के रूप में विजेता रहीं। इस खेल में अपर्णा देशमुख प्रथम, वंदना पाटिल द्वितीय और माधुरी गाडगिल तृतीय रहीं। वरिष्ठ आजीवन सभासद अपर्णा देशमुख ने बताया कि बैठक का शुभारंभ हनुमान चालीसा पाठ और देवी भजन के साथ किया गया।

### नई संयोजिका और सह संयोजिकाओं का चयन

इस बैठक में वर्ष 2026-28 के लिए केंद्र की नई संयोजिका और सह संयोजिकाओं का चयन भी किया गया। सर्वसम्मति से कांचन पुसदकर को नई संयोजिका की जिम्मेदारी देने के साथ मानसी विठालकर, वंदना पाटिल, अपर्णा आठले और प्रीति केसकर को सह संयोजिका की जिम्मेदारी सौंपी गई। अपर्णा देशमुख ने बताया कि नई टीम को मंडल के सेवाभावी कार्यों को गति प्रदान करने और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही सेवाभाव से काम को गति देने के लिए वैचारिक मंथन भी किया गया। इस अवसर पर अंतिम कड़ी में सुवर्णा कस्तूरे, मेघा ऋषि एवं चित्रा कोलहे का जन्मदिन भी मनाया गया।

## धर्म लाइव

# श्रीजगन्नाथ मंदिर में कल होगी केंवट चरित्र पर कथा



**रायपुर।** शहर के गायत्री नगर स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर में आगामी गुरुवार यानी 14 मई को एक दिवसीय "श्री केंवट चरित्र कथा" का आयोजन किया जा रहा है। इस कथा में श्रीराम और निषादराज केंवट के बीच हुए उस अलौकिक संवाद और भक्ति की पावन कथा का वर्णन किया जाएगा। जिसमें केंवट ने प्रभु श्रीराम के चरण पखारकर उन्हें गंगा पार कराया था। यह आयोजक सुरभि जनजागरण सेवा समिति के अध्यक्ष अजय भगत के अनुसार कथा का वाचन पुराण मनीषी कौशिक महाराज के श्रीमुख से सुनने का अवसर भक्तों को भी मिलने वाला है। गुरुवार को शाम 5 से रात्रि 8 बजे तक संबंधित प्रसंग पर कथा होगी। इसके लिए व्यवस्थागत तैयारी शुरू की गई है।

### भजन और कीर्तन के साथ की जाएगी महाआरती

समिति के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से बताया कि कथा में केंवट के समर्पण, सेवा और भगवान के प्रति निश्छल प्रेम को आज के सामाजिक समरसता के संदर्भ में प्रस्तुत किया जाएगा। इस आयोजन को गरिमामय स्वरूप देने के लिए भजन-कीर्तन एवं महाआरती भी होगी। जबकि कथा प्रसंग और श्री निषादराज के संवादों से लोगों को एक नई सोच मिलेगी। इस कथा और प्रसंग का उद्देश्य भी यही है। इस तरह के आयोजन से हर वर्ग को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए समिति द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है।

## समाज इवेंट

# मां ही संसार है...थीम पर संस्था ने सजाया मंच, किया सम्मान




**रायपुर।** मां ही संसार है' थीम पर सोमवार को एक गरिमामयी आयोजन शुभारंभ फाउंडेशन द्वारा किया गया। श्याम नगर स्थित लायंस क्लब वृद्धाश्रम में किए गए इस आयोजन के दौरान उत्साह का माहौल बना। इसमें समाज की उन वीर माताओं का सम्मान किया गया, जो 'स्पेशल चाइल्ड' (विशेष बच्चों) की परवरिश कर रही हैं। आयोजन के दौरान फाउंडेशन की टीम की सदस्यों ने ऐसी माताओं के अटूट साहस और निस्वार्थ प्रेम को सलाम करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रसिद्ध बाल मनोवैज्ञानिक डॉ. गार्गी पांडेय मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने विशेष बच्चों के पालन-पोषण की चुनौतियों और बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन विशेष बच्चों को संभालना, उन्हें शिक्षित करना और उनके साथ जीवन बिताना सामान्य अनुभव से बिल्कुल अलग है।

### विपरीत परिस्थितियों में बच्चों का भविष्य संवारने में जुटी

उन्होंने बताया कि विशेष बच्चों की माताएं सिर्फ उनकी अभिभावक नहीं, बल्कि उनका सबसे बड़ा संबल एवं आधार स्तंभ हैं। शुभारंभ फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. सीमा कटनकार एवं सचिव डॉ. अरुणा यादव ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में ऐसी माताओं के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता बढ़ाना है, जो विपरीत परिस्थितियों में भी अपने बच्चों के भविष्य को संवारने में जुटी हैं। कोषाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण लाहोटी ने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों में सहयोग देने की प्रतिबद्धता जताई। अंत में वृद्धाश्रम के बुजुर्गों और उपस्थित सदस्यों ने माताओं के समर्पण की कहानियां सुनीं और उनके साथ समय बिताया, जिससे वातावरण अत्यंत भावुक और प्रेरणादायी बन गया।

## प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सहित कई संस्थानों में मनाया नर्स दिवस, वक्ताओं ने दी रोचक जानकारी

# नर्सिंग प्रोफेशन सेवाभाव और समर्पण का प्रतीक नर्स डे पर उनके त्याग को किया नमन, दिया सम्मान

'देश-दुनिया में मशहूर रही नर्स फ्लोरेन्स नाईटएंगल के जन्मदिन को नर्स दिवस के रूप में मनाने की परंपरा वर्षों पुरानी है। मरीज को सबसे अधिक नर्स की जरूरत होती है। हमें इन्हें अच्छी सुविधाएं देनी चाहिए, ताकि ये लोग अच्छे से अपना काम कर सकें। जैसे संवादों के साथ ही शहर में जगह-जगह किए गए आयोजन में नर्सिंग प्रोफेसन से जुड़ने के साथ ही सेवाभाव, समर्पण का प्रतीक बन चुकी नर्सों के त्याग को नमन करने के साथ ही कई संस्थाओं ने उनका सम्मान भी किया। यह सिलसिला सुबह से लेकर शाम तक चला।'




### दिव्यांगों के उपचार में नर्सिंग नई संयोजिका और सह संयोजिकाओं का चयन




स्कोप कॉलेज ऑफ नर्सिंग डूमरतालाब द्वारा विकलांगों के उपचार एवं पुर्नवास में नर्सिंग की भूमिका विषय पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार किया गया। इसका उद्देश्य नर्सिंग के छात्र-छात्राओं को दिव्यांग व्यक्तियों की देखभाल एवं पुनर्वास में नर्सिंग की भूमिका को उजागर करना था। मुख्य अतिथि डॉ. केआर सोनवानी, उप संचालक स्वास्थ्य, विशिष्ट अतिथि अरविंद गेडाम, संयुक्त संचालक समाज कल्याण विभाग, डॉ. किरण काम्बले, संचालक, स्कोप कॉलेज एवं मुख्य वक्ता सिमी श्रीवास्तव, पुनर्वास मनोवैज्ञानिक आकांक्षा लायंस इंस्टिट्यूट रहीं। मुख्य अतिथि श्री सोनवानी ने बताया कि दिव्यांगों की जरूरतों को समझने के लिए नर्सिंग पाठ्यक्रम में व्यावहारिक कौशल पर अधिक जोर दिया जाना चाहिए। उन्होंने कृत्रिम अंगों के उपयोग एवं फिजियोथेरेपी में नर्सिंग की सहायता पर अधिक जोर दिया।

**रायपुर।** इस कड़ी में मंगलवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के मेडिकल विंग ने शांति सरोवर रिट्रीट में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर आयोजन किया। इसमें श्री बालाजी नर्सिंग कॉलेज के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी डॉ. कुलदीप छाबड़ा, प्राचार्या वर्तिका शोलोमन, उप प्राचार्या डॉ. कविता सिंह तोमर, छत्तीसगढ़ नर्सिंग कालेज की मुख्य प्रशासनिक अधिकारी डॉ. भारवि वैष्णव, संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी और ब्रह्माकुमारी अदिति दीदी ने भाग लिया। इसमें नर्सिंग कालेज के छात्र-छात्राएं और शिक्षक उपस्थित थे। वहीं रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने कहा कि आज का दिन सेवा, त्याग और करुणा को नमन करने का दिन है। आज का दिन नर्सों के लिए विशेष है। नर्स एक व्यवसाय नहीं, बल्कि सेवाभावना है। वह दया, करुणा और ममता की मूर्ति होती है।

### प्रशस्ति पत्र, कॉफी मग देकर किया सम्मान




सुधा सोसाइटी फाउंडेशन द्वारा शहर के विभिन्न अस्पतालों और क्लीनिक में सेवा देने वाली 11 नर्सों को सम्मानित किया गया। नर्सों को उनके संबंधित अस्पतालों और क्लीनिकों के वरिष्ठ चिकित्सकों की उपस्थिति में प्रशस्ति पत्र एवं कॉफी मग देकर सम्मानित किया। डॉ. विवेक गोयल, डॉ. विवेक लाठ एवं अमरीश चौधरी, डॉ. स्वाति कोशले ने नर्सिंग स्टाफ का मान बढ़ाने और सोसाइटी की पहल को सराहना। सभा को संबोधित करते हुए सुधा सोसाइटी फाउंडेशन के चेयरमैन जीके भटनागर ने कहा कि "स्वास्थ्य सेवा में नर्सिंग स्टाफ की भूमिका बेहद खास होती है। उनकी करुणा, समर्पण और चौबीसों घंटे की सेवा रोगी की देखभाल की रीढ़ है।

### विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने उत्साह से भाग लिया

मुख्य वक्ता डॉ. सिम्मी श्रीवास्तव ने कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों के मानसिक स्वास्थ्य, पुनर्वास प्रक्रिया, नर्सिंग स्टाफ की सहानुभूति से जुड़ी भूमिका पर विशेष प्रकाश डाला। नर्से स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं और दिव्यांग मरीजों के उपचार एवं देखभाल में उनकी भूमिका सराहनीय है। संवेदनशीलता, धैर्य एवं उचित प्रशिक्षण के माध्यम से नर्सिंग सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। नर्सिंग के विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने उत्साह से भाग लिया। अंत में सभी प्रतिभागियों ने दिव्यांगों की सेवा एवं उनके जीवनस्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में संचालिका द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट करके सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इसका संचालन कॉलेज के प्राचार्य नितिन सोनबेर द्वारा किया गया।

### राजयोग मेडिटेशन सीखें, प्राप्त करें सफलता

नर्स सिर्फ दवा नहीं देती हैं, बल्कि टूटे हुए मन को आशा का सम्बल प्रदान करती हैं। ब्रह्माकुमारी अदिति दीदी ने कहा कि आजीविका के लिए बहुत से काम दुनिया में हैं, लेकिन आपने नर्स बनने का फैसला किया, क्योंकि आपके अंदर सेवाभाव है। यह इतना श्रेष्ठ कार्य है, जिसमें आपको रोजगार के साथ दुआएं भी मिलती हैं। उन्होंने राजयोग मेडिटेशन सीखकर जीवन में धैर्यता, नम्रता, मधुरता, गंभीरता जैसे गुणों को धारण करने पर जोर दिया, ताकि अपना कार्य अच्छे से कर सकें। उन्होंने अलग-अलग नर्सिंग संस्थानों में सेवा देने वाली नर्सों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि नर्से सिर्फ जीवन बचाने में ही मदद नहीं करती, बल्कि संस्कार के साथ सेवाभावना की प्रतीक भी हैं।

# गर्मी में बदला भगवान का श्रृंगार





*रायपुर। राजधानी के शिव बजरंग मंदिर जोरापारा में भीषण गर्मी को देखते हुए भगवान को ठंडक का अहसास कराने विशेष श्रृंगार किया जा रहा है। प्रभु को शीतलता प्रदान करने के लिए फूल, नीबू और शीतल पेय पदार्थों से सजाया जा रहा है। साथ ही मंदिरों के गर्भगृह में एसी-कूलर भी चलाए जा रहे हैं।*

# मेधावी विद्यार्थियों को मिलेंगे 13 स्वर्ण, 7 रजत और 2 कांस्य पदक

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय का ग्यारहवां दीक्षांत समारोह 15 मई को आयोजित किया जाएगा। कृषि महाविद्यालय स्थित कृषि मंडपम में सुबह 11 बजे से आयोजित इस दीक्षांत समारोह में 1 हजार 880 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएगी। दीक्षांत समारोह राज्यपाल एवं आईजीकेवी के कुलाधिपति रमेन डेका की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री रामविचार नेताम होंगे। दीक्षांत समारोह में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉ. अशोक कुमार सिंह दीक्षांत भाषण देंगे। आईजीकेवी के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल विद्यार्थियों को दीक्षोपदेश देंगे। समारोह के दौरान मेधावी विद्यार्थियों को 13 स्वर्ण, 7 रजत एवं 2 कांस्य पदक प्रदान किए जाएंगे। भव्य दीक्षांत शोभायात्रा भी निकाली जाएगी।

### सभी छात्र-छात्राओं के लिए ड्रेस कोड भी तय

ग्यारहवें दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में कृषि विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पदक एवं उपाधियां दी जाएंगी। स्नातक कृषि पाठ्यक्रम के 1234 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। स्नातकोत्तर स्तर पर 518 एवं पीएचडी स्तर पर 128 पंजीकृत विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए अकादमिक परिधान निर्धारित किया गया है। छात्र कोसे रंग अथवा ऑफ व्हाइट रंग का कुर्ता तथा सफेद पायजामा पहनेंगे, वहीं छात्राएं कोसे रंग या ऑफ व्हाइट रंग की साड़ी पहनेंगी। समारोह के अतिथि कोसे रंग का जैकेट पहनेंगे। प्रबंध मंडल, विद्या परिषद तथा प्रशासनिक परिषद के सदस्यों सहित विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित सभी कॉलेजों के अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष भी समारोह में शामिल होंगे।

## मेहंदी, सांझी और प्रभु भक्ति संध्या में उमड़ा जैन समाज

# पंच कल्याणक महोत्सव के चौथे दिन छप्पन दिक्कुमारियों ने किया इंद्राणी महोत्सव

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** पंच कल्याणक महोत्सव के चौथे दिव्य दिवस पर मंगलवार को राजदरबार भक्ति, श्रद्धा और उत्साह से सराबोर नजर आया। ज्येष्ठ वदि 10 के अवसर पर आयोजित जन्म कल्याणक महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रभु जन्मोत्सव के विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों का साक्षी बने। सुबह से ही राजदरबार परिसर में धार्मिक अनुष्ठानों का दौर शुरू हो गया। छप्पन दिक्कुमारियों द्वारा इंद्राणी महोत्सव, इंद्र सिंहासन कंपायमान, हरिणगमेध देव द्वारा सूचना, 64 इंद्रों द्वारा मेरुपर्वत पर अभिषेक, अठारह अभिषेक और प्रियंवदा सखी द्वारा जन्म बधाई जैसे कार्यक्रमों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इसके साथ ही भुआ-भुरोसा द्वारा नामकरण, प्रभुजी का पाठशाला गमन, मामी द्वारा मामेरा, परमात्मा का लग्नोत्सव, राज्याभिषेक और नवलोकांतिक देवों द्वारा दीक्षा विनती जैसे आयोजन भी श्रद्धा और परंपरा के साथ संपन्न हुए।



### पार्श्वनाथ प्रतिमा की अंजन शलाका की क्रिया भी संपन्न



लालपुर स्थित नवकार नगर में भी जैन समाज का भव्य पंचदिवसीय प्रतिष्ठा महोत्सव जारी है। धर्मनिष्ठ स्व. वीरचंदजी डागा एवं सरोजदेवी डागा परिवार के सौजन्य से आयोजित इस महोत्सव में श्वेत पाषाण से निर्मित श्री मुनिसुव्रत स्वामी जिनालय और श्री मणिधारी जिनचंद्रसूरि दादाबाड़ी की अंजनशलाका प्रतिष्ठा का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया जा रहा है। महोत्सव के दौरान मुनि सुव्रत स्वामी जिनालय में आतंरिक्ष पार्श्वनाथ प्रतिमा की अंजन शलाका की क्रिया भी संपन्न होगी। आयोजन आचार्य भगवंत श्री जिनपीयूषसागर सूरीश्वरजी एवं आचार्य भगवंत श्री जयंतसेन सूरीश्वरजी आदि ठाणा की निश्रा में आयोजित किया जा रहा है।

### धार्मिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बनाया

शाम को आयोजित सांझी और मेहंदी कार्यक्रम में महिलाओं और युवतियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जबकि रात में आयोजित प्रभु भक्ति संध्या में भजनों और धार्मिक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जैन धर्म के अनुसार जन्म कल्याणक वह पावन क्षण होता है जब अरिहंत परमात्मा का जन्म होता है और तीनों लोकों में आनंद एवं उत्साह फैल जाता है। इसी भावना के साथ पूरे आयोजन में श्रद्धालुओं ने प्रभु जन्मोत्सव का उल्लासपूर्वक उत्सव मनाया।महोत्सव में विभिन्न पात्रों की प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। भगवान के माता-पिता की भूमिका यश और सोनल डागा ने निभाई, जबकि इंद्र-इंद्राणी के रूप में कमल और निधि बोथरा ने सहभागिता दी। मामा-मामी, प्रियंवदा सखी, भुआ-भुरोसा, नगर सेठ, राजज्योतिष, राजा पुरोहित, महामंत्री समेत अन्य पात्रों ने भी अपनी भूमिकाओं से आयोजन को जीवंत बना दिया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### यूथ कप क्रिकेट में श्रीहित रहे प्लेयर ऑफ़ द मैच




**भिलाई।** क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी करंजा भिलाई द्वारा आयोजित यूथ कप के अंतर्गत मंगलवार को गोविंद चौहान क्रिकेट अकादमी सेक्टर-7 विरुद्ध पद्मनाभपुर क्रिकेट क्लब दुर्ग के बीच मैच हुआ। जिसमें पद्मनाभपुर क्रिकेट क्लब दुर्ग ने 56 रन से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ़ द मैच श्रीहित खोबरागड़े को पद्मनापुर क्रिकेट क्लब के कोच रमेश साहू के हाथों पुरस्कृत किया गया। मैच के अंपायर आलोक डेविड एवं ज्ञानू राव और स्कोरर विनोद देवघरे थे। रिदम बल्लेबाजी पद्मनापुर क्रिकेट क्लब ने आठ विकेट पर 160 रन बनाए। जिसमें आदित्य नारायण ने 49 रन, आर्यन मेहता ने 24 रन, कविश हैदर ने 21 रन एवं अभ्युदय वैष्णव ने 20 रन बनाए। गेंदबाजी में गोविंद चौहान क्रिकेट अकादमी के आर्यन देशमुख, रूद्र एवं श्लोक ने दो-दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में चौहान क्रिकेट एकेडमी 104 रन पर आउट हो गई। अथर्व बाजपेई ने नॉट आउट 32 रन, आयुष पाल एवं रूद्र ने 11-11 रन बनाए। गेंदबाजी में पदमनाभपुर क्रिकेट क्लब के श्रीहित खोबरागड़े ने तीन विकेट, चैतन्य बागडे एवं आर्यन मेहता ने दो-दो विकेट लिए। प्लेयर ऑफ द मैच श्रीहित खोबरागड़े को पदमनाभपुर क्रिकेट क्लब के कोच रमेश साहू के हाथों पुरस्कृत किया गया।

### अंडर-16 एलिट ग्रुप में जारी है मुकाबले



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा आयोजित अंडर-16 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे राउंड के दूसरे दिन मंगलवार को शानदार मैच हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में टीम राजनांदगांव विरुद्ध बिलासपुर में बल्लेबाजी करते हुए राजनांदगांव टीम पहली पारी में 140 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में बिलासपुर टीम पहली पारी में 197 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में राजनांदगांव ने दूसरी पारी में सात विकेट पर 134 रन बनाए।

दल्ली राजहरा में टीम बीएसपी विरुद्ध कोरबा के मैच में बल्लेबाजी करते हुए बीएसपी टीम पहली पारी में 303 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी करते हुए कोरबा ने पहली पारी में तीन विकेट पर 63 रन बनाए। धमतरी में हुए मैच में टीम भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए दुर्ग टीम पहली पारी 171 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन 302 रन पर आउट हो गई। न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम कवर्धा विरुद्ध प्लेट कंबाइंड के मैच में बल्लेबाजी करते हुए कवर्धा टीम पहली पारी 188 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में प्लेट कंबाइंड 243 रन पर आउट हुई।

### चैलेंजर ट्रॉफी में साउथ और नार्थ जोन ने जीते अपने-अपने मैच




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-23 एवं सीनियर महिला टी 20 चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत मंगलवार को विभिन्न टीमों के बीच मुकाबले हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम ईस्ट जोन विरुद्ध साउथ जोन में परिणाम साउथ जोन ने 16 रन से जीता। बल्लेबाजी में साउथ जोन ने 3 विकेट पर 157 रन बनाए। शिवानी कृष्णा (रिटायर्ड हर्ट) 54 रन, शिल्पा साहू ने 38 रन एवं मोनिका श्रीवास ने 23 रन बनाए। गेंदबाजी में ईस्ट जोन की शिवानी यादव ने एक विकेट लिए। दो खिलाड़ी रन आउट हुए। बल्लेबाजी में ईस्ट जोन ने सात विकेट पर 141 रन बनाए। रूमा दास ने 59 रन एवं अंशी अग्रवाल नॉट आउट 51 रन बनाए। गेंदबाजी में साउथ जोन की संजीता पटेल ने चार विकेट और कनिका मिश्रा ने एक विकेट लिए।

कल्याण कॉलेज ग्राउंड सेक्टर-7 में हुए मैच में टीम सेंट्रल जोन विरुद्ध नॉर्थ-जोन में परिणाम नॉर्थ जोन ने 8 विकेट से जीता। बल्लेबाजी में सेंट्रल जोन ने 9 विकेट पर 88 रन बनाए। इनमें मानसी उपाध्याय ने 19 रन, भाविका साहू ने 16 रन और कल्पना मिश्रा ने 15 रन बनाए। गेंदबाजी में नॉर्थ जोन की साक्षी शुक्ला एवं मनस्वी निर्मलकर ने दो दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में नॉर्थ जॉन ने दो विकेट पर 89 रन बनाए। सृष्टि शर्मा ने 41 रन और मानसी सिंह ने नॉट आउट 25 रन बनाए। गेंदबाजी में सेंट्रल जोन की श्रद्धा वैष्णव ने दो विकेट लिए।

विशेषज्ञों की राय पर अमल कर आ पा सकते हैं राहत

# 40 की उम्र के बाद आपके घुटनों से आती है कट-कट की आवाज तो करें जरूरी बदलाव और फर्क खुद देखें

अगर 40 की उम्र पार करने के बाद उठते-बैठते समय घुटनों में आवाज आती है या आपको सीढ़ियां चढ़ना मुश्किल लगने लगा है, तो इसे नजरअंदाज न करें। यह संकेत है कि आपके जोड़ों को सही देखभाल और पोषण की जरूरत है। आपको कुछ आसान और स्वाभाविक बदलाव के बारे में जानना चाहिए, जिनसे आप अपने घुटनों को मजबूत बना सकते हैं और दर्द से राहत पा सकते हैं। चंडीगढ़ की न्यूट्रिशनिस्ट, डाइट और लाइफस्टाइल कंसल्टेंट डॉक्टर रमिता कौर ने इस पर विस्तार से जानकारी दी है।



## सुबह का एंटी-इंफ्लेमेटरी ड्रिंक

घुटनों में दर्द, जकड़न या आवाज की समस्या को कम करने के लिए सुबह की शुरुआत सही तरीके से करना जरूरी है। आप रोज सुबह खाली पेट एक गिलास गुनगुने पानी में ताजा अदरक, हल्दी और एक चुटकी काली मिर्च मिलाकर पिएं। यह नेचुरल ड्रिंक शरीर में मौजूद सूजन को कम करता है। इसके बाद 4-5 भीगे हुए बादाम खाएं, जो शरीर को हेल्दी फैट्स और न्यूट्रिशन देते हैं। यह कॉम्बिनेशन न सिर्फ जोड़ों के दर्द को अंदर से ठीक करता है, बल्कि इम्यूनिटी को भी मजबूत बनाता है और शरीर को दिनभर एनर्जी देता है।

## काले तिल का कमाल

आयुर्वेद में काले तिल को हड्डियों और जोड़ों के लिए बेहद फायदेमंद माना गया है। इसमें कैल्शियम,मैग्नीशियम, जिंक और जरूरी मिनरल्स भरपूर मात्रा में होते हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाते हैं। रोज एक छोटा चम्मच काले तिल लेने से जोड़ों का लुब्रिकेशन बेहतर होता है, जिससे घुटनों की आवाज कम हो सकती है।

आप इसे सीधे खा सकती हैं या गुड़ के साथ मिलाकर लड्डू बनाकर भी ले सकती हैं। नियमित सेवन से हड्डियां मजबूत होती हैं और जोड़ों की फ्लेक्सिबिलिटी बढ़ती है। हालांकि, गर्मियों में इसकी मात्रा पर ध्यान देने की जरूरत होती है, क्योंकि इसकी तासीर गर्म होती है।

## अरंडी के तेल की थेरेपी

घुटनों के दर्द, सूजन और आवाज को कम करने के लिए अरंडी के तेल की मालिश पुराना और असरदार घरेलू उपाय है। इसके लिए आप अरंडी के तेल में एक चुटकी जायफल पाउडर मिलाकर हल्का गुनगुना करें। अब इस तेल से घुटनों पर हल्के हाथों से 10-15 मिनट तक मालिश करें। इसके बाद कपड़े से ढककर रातभर ऐसे ही छोड़ दें। यह थेरेपी गहराई तक जाकर जोड़ों को आराम देती है, ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाती है और सूजन व दर्द को कम करती है।

## रिवर्स वॉकिंग (उल्टा चलना)

रोज किसी सुरक्षित जगह पर 5-10 मिनट पीछे की ओर चलें। ऐसा करने से घुटनों की मसल्स मजबूत होती हैं, बैलेंस बेहतर होता है और जोड़ों पर दबाव कम पड़ता है।



## कोलेजन रिच फूड्स शामिल करें

घुटनों से कट-कट जैसी आवाज को कम करने के लिए आपको डाइट में कोलेजन से भरपूर फूड्स को शामिल करना चाहिए। इस लिस्ट में अंडे, मछली, बादाम, कद्दू के बीज, अलसी, सूरजमुखी के बीज जैसे फूड्स शामिल होते हैं। ये कार्टिलेज और जोड़ों को पोषण देते हैं।

घुटनों में दर्द और जकड़न के साथ कट-कट की आवाज़ आना (क्रेपिटस) गठिया (ऑस्टियोआर्थराइटिस), लिगामेंट इंजरी, या मेनिस्कस टियर के लक्षण हो सकते हैं, विशेष रूप से अगर सूजन और चलने-फिरने में तकलीफ हो। यह उपास्थि (cartilage) के घिसने से भी हो सकता है, जो अक्सर उम्र या वजन बढ़ने के कारण होता है। ऑस्टियोआर्थराइटिस में घुटने के अंदर की कार्टिलेज घिस जाती है, जिससे घर्षण और चरमराहट की आवाज खासकर सुबह या उठते-बैठते समय आती है। मेनिस्कस टियर में घुटने में चोट के बाद क्लिक या चटकने की आवाज, विशेषकर मुड़ने पर आती है।

# नियमित योगासन के बावजूद नहीं मिलता नतीजा, जानिए इसकी वजह

खुद को स्वस्थ रखने के लिए हम सभी कई तरीकों को अपनाते हैं। इनमें योगाभ्यास करना काफी अच्छा माना जाता है। योगाभ्यास को बच्चे से लेकर बूढ़े व्यक्ति तक, हर कोई बिना किसी परेशानी के कर सकता है। योग आपको वजन कम करने या फिर शरीर को अधिक फ्लेक्सिबल बनाने में ही मदद नहीं करता है, बल्कि इसके जरिए आप शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं। यह कई तरह की गंभीर बीमारियों को ठीक करने में भी मददगार है। शायद यही कारण है कि आज पूरी दुनिया में लोग योग के महत्व को समझने लगे हैं और नियमित रूप से योगाभ्यास करने लगे हैं। हो सकता है कि आपने भी स्वस्थ रहने के लिए योग का रास्ता अपनाया हो।

## गलत तरीके से योगाभ्यास करना

अगर आप चाहते हैं कि आपको योगासनों से पूरा लाभ मिले, तो इसके लिए आपकी तकनीक भी सही होनी चाहिए। हालांकि, अधिकतर लोग इसे नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे उन्हें मनचाहा परिणाम नहीं मिल पाता। आपकी योग मुद्रा से लेकर श्वास लेने का तरीका भी सही होना चाहिए। जब आप शरीर के अंगों पर बेवजह अतिरिक्त दबाव देते हैं या फिर गलत तरीके से योगासन करते हैं तो आपको कोई लाभ नहीं मिल पाता है।

## आहार पर ध्यान ना देना

सिर्फ योगाभ्यास करने से ही किसी व्यक्ति को अपेक्षित परिणाम नहीं मिल सकता है। अगर आप अपने आहार या खान-पान का ध्यान नहीं रखते हैं तो इससे योगाभ्यास के प्रभाव बेहद ही सीमित हो जाते हैं। इसलिए, नियमित रूप से योगाभ्यास करने के साथ-साथ आप पोषक तत्वों से युक्त संतुलित आहार अवश्य लें।

## स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या

हर व्यक्ति अलग होता है और इसलिए उसे कुछ अलग तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में अगर आप दूसरों की देखा-देखी योगाभ्यास करते हैं तो यह हो सकता है कि आपको कोई लाभ ना मिले। आपको शायद यह पता ना हो, लेकिन एक ही आसन को कई अलग-अलग वैरिएशन के साथ किया जा सकता है। इसलिए, आप हमेशा अपनी स्वास्थ्य समस्या को ध्यान में रखकर ही योगाभ्यास करें।

## पर्याप्त नींद ना लेना

यूं तो योगाभ्यास करने से व्यक्ति का तन व मन शांत होता है और उसे अच्छी नींद आती है। लेकिन अगर आप खुद को अक्सर तनावग्रस्त महसूस करते हैं और काम के चक्कर में पर्याप्त नींद नहीं लेते हैं तो इससे भी आपको योगाभ्यास से अपेक्षिकत परिणाम नहीं मिल पाते हैं। नींद की कमी के कारण आपके शरीर और मन को वह आराम नहीं मिल पाता है और इससे आपके रिजल्ट भी प्रभावित होते हैं।

# मयंक बने स्ट्रांग मेन और चैन प्रकाश मास्टर्स स्ट्रांग मेन

**रायपुर।** महिला पुरुष स्टेट पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप का आयोजन 8 एंम 9 मई को राजिम गोबरा नयापारा हरिहर स्कूल में किया गया। छत्तीसगढ़ पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के महासचिव माणिक ताम्रकार एवम युवा मंच राजिम के सचिव निहाल जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में स्ट्रांग मेन और वुमेन को बिग ट्राफी के साथ 15000 रुपये का नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में स्ट्रांग मेन छत्तीसगढ़ पुलिस के मयंक सोनी, मास्टर्स में चैन प्रकाश टण्डन, सब जूनियर में राजिम के हर्ष साहू और जूनियर में धमतरी के अभय कुमार को स्ट्रांग मेन के खिताब से नवाजा गया। महिला वर्ग में स्ट्रांग वूमेन धमतरी की लीना और रायपुर की अस्मिता धनसोन रही। पावर लिफ्टिंग के महासचिव माणिक ताम्रकार ने मंच से घोषणा की कि अब जिस जिले में पावर लिफ्टिंग की प्रतियोगिता होगी उसके लिए छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन आयोजक को स्ट्रांग मेन वूमेन के लिए 15000 नगद दिए जाएंगे। क्योंकि पावर लिफ्टर को सरकारी नौकरी नहीं मिलती है। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक हर्ष साहू, निहाल जैन और मुनिनद्र साहू थे। परिणाम में 53 किलो में आशीष निषाद 4 गोल्ड और 1 सिल्वर, प्रतीक चंद्राकर 1 गोल्ड, 2 सिल्वर और 1 कांस्य, वीरभद्र सिंह ठाकुर 4 कांस्य, पोषण दास मानिकपुरी 1 गोल्ड, 2 कांस्य, 59 किलो में हेमंत यादव 4 गोल्ड, बादल निषाद 1 गोल्ड, 1 सिल्वर तेजस हेडउ 3 गोल्ड, 1 कांस्य, लोमष निर्मलकर 1 सिल्वर, वेदांश राणा 1 गोल्ड, 1 सिल्वर, 66 किलो में नवीन चंद कपूर 3 गोल्ड, 66 किलो सब जूनियर में वेदांत साहू 4 गोल्ड, हेमचंद्र कोराम 3 सिल्वर, यश साहू 3 कांस्य, जूनियर 66 किलो में यश राजपूत गोल्ड, सीनियर में कबीर साहू गोल्ड, 74 किलो सीनियर में



रॉबर्ट एम 4 गोल्ड, राकेश पटेल 4 सिल्वर, युगल किशोर 2 कांस्य, सब जूनियर 74 किलो में आर्यन साहू 4 गोल्ड, 74 किलो जूनियर में अभय कुमार 4 गोल्ड, उपेंद्र कुमार 4 सिल्वर, सन्नी मुंडा 4 कांस्य, मास्टर्स 74 किलो में मनहरन साहू 4 गोल्ड, 83 सब जूनियर में हर्ष साहू 4 गोल्ड, यश वर्धन सोनी 4 सिल्वर, सूरज यादव 1 कांस्य, जूनियर 83 किलो में हर्ष वर्धन सोनी 4 गोल्ड, शुभम मिश्रा 4 सिल्वर, 83 किलो सीनियर में अमर्त्य राव 1 गोल्ड, 3 सिल्वर, यश वर्धन सोनी 3 गोल्ड, 1 सिल्वर, 93 किलो मास्टर्स 2 में चैन प्रकाश टण्डन 4 गोल्ड, मास्टर्स 3 में देवेन्द्र सारडा 3 गोल्ड, 93 किलो सब जूनियर में शुभम तिवारी 4 गोल्ड, अमेय जिवाने 4 सिल्वर, 105 किलो जूनियर में कुणाल साहू 4 गोल्ड, 120 किलो सीनियर में 4 गोल्ड मिला। गोबरा नवापारा नगर पालिका अध्यक्ष ओम कुमारी साहू और संजय साहू पूर्व जिला अध्यक्ष बीजेपी और निर्माण सिंह साहू महामंत्री कांग्रेस ने सभी विजयी खिलाडियों नगद मेडल और कप से सम्मानित किया।


















# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### फीफा वर्ल्ड कप के लिए शकीरा ने दिखाई झलक कई डांसर्स के साथ किया 'दाई दाई' पर डांस



कोलंबियाई सिंगर शकीरा अपने गानों और डांस की वजह से चर्चा में रहती हैं। वह अपने गानों से दुनियाभर के लोगों को झूमने पर मजबूर करती हैं। शकीरा ने सोशल मीडिया पर अपने एक नए गाने का टीजर शेयर किया है। शकीरा ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने गाने का एक मिनट का टीजर शेयर किया है। इसमें वह कई कलाकारों के साथ शानदार डांस कर रही हैं। टीजर शेयर करते हुए शकीरा ने लिखा 'माराकाना स्टेडियम से, पेश है 'दाई दाई' फीफा वर्ल्ड कप 2026 का ऑफिशियल गाना।'

इस छोटे से वीडियो में, शकीरा माराकाना स्टेडियम के मैदान पर डांसर्स के साथ नजर आती हैं। वह इंग्लिश में गाती हैं, 'यहां इस जगह पर / तुम ही हो,' एक पुरुष की आवाज उनके साथ सुर मिलाती है 'जिस चीज ने तुम्हें एक बार तोड़ दिया था/उसी ने तुम्हें मजबूत बनाया।' शकीरा की पोस्ट के मुताबिक, यह पूरा गाना 14 मई को रिलीज होगा।

फीफा टूर्नामेंट 11 जून को शुरू होगा, जिसमें मैक्सिको सिटी के अजटेका स्टेडियम में मैक्सिको का मुकाबला साउथ अफ्रीका से होगा। इसका फाइनल 19 जुलाई को ईस्ट रदरपोर्ट, न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में होना तय है। यह न्यूयॉर्क सिटी के ठीक बाहर मौजूद है। शकीरा वर्ल्ड कप के गानों के लिए कोई नई नहीं हैं। उनका गाना 'वाका वाका दिस टाइम फॉर अफ्रीका', साउथ अफ्रीका में हुए 2010 वर्ल्ड कप का ऑफिशियल गाना था।

## टॉलीवुड

### विजय के जन्मदिन पर 'राउडी जनार्दन 'का पोस्टर रिलीज, दिखा दबंग अंदाज



साउथ फिल्मों के चर्चित अभिनेता विजय देवरकोंडा के पास इस साल कई बड़ी फिल्में हैं। वह पत्नी रश्मिका मंदाना के साथ 'रणबाली' नाम की फिल्म कर रहे हैं। इसके अलावा वह 'राउडी जनार्दन' में भी नजर आएंगे। इस फिल्म का एक पोस्टर मेकर्स ने अभिनेता के जन्मदिन पर साझा किया है। विजय देवरकोंडा के जन्मदिन पर मेकर्स ने 'राउडी जनार्दन' का पोस्टर जारी किया है। इसमें विजय बारिश में भीगे हुए दिख रहे हैं। हाथ में पिस्तौल थामे हुए हैं। उनका अंदाज काफी दबंग दिख रहा है। साथ ही एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश ने विजय की छाती पर अपना पैर रखा हुआ है। फिल्म में वह लीड हीरोइन हैं। इस पोस्टर से साफ जाहिर होता है कि फिल्म में एक्शन और रोमांस दोनों ही चीजें देखने को मिलेंगी।

इस फिल्म को निर्माता दिल राजू और शिरीष प्रोड्यूस कर रहे हैं। वहीं 'राउडी जनार्दन' के निर्देशक रवि किरण कोला हैं। इस एक्शन ड्रामा फिल्म की कहानी गांव में स्थित होगी। इसे पैन इंडिया रिलीज होगी। अभी इस फिल्म की रिलीज डेट मेकर्स ने साझा नही है। विजय और रश्मिका एक फिल्म 'रणबाली' कर रहे हैं। यह एक ऐतिहासिक घटना पर बनी फिल्म है। फिल्म 11 सितंबर 2026 को रिलीज हो सकती है। इस फिल्म से दोनों एक्टर्स के लुक सामने आ चुके हैं, जिन्हें दर्शकों ने काफी पसंद किया है

## भोजपुरी

### आम्रपाली की 'लाखों में एक पवले बानी हम बहुरानी'का फर्स्ट लुक आउट

भोजपुरी एक्ट्रेस आम्रपाली दुबे की फिल्म का लुक रिलीज हो गया है और ये दमदार है। उनकी नई फिल्म 'लाखों में एक पवले बानी हम बहुरानी' 1 मई को रिलीज भी हो चुकी है। इसमें लंबी-चौड़ी कास्ट भी है।



'रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट' के बैनर तले बनकर तैयार पारिवारिक और मनोरंजन से भरपूर फिल्म 'लाखों में एक पवले बानी हम बहुरानी' का फर्स्ट लुक जारी कर दिया गया है, जिसने रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। फिल्म में भोजपुरी इंडस्ट्री की चर्चित अदाकारा, लेडी सुपर स्टार, भोजपुरिया क्वीन आम्रपाली दुबे एक बार फिर अपने दमदार अभिनय और पारिवारिक किरदार के साथ दर्शकों के दिलों पर राज करने को तैयार नजर आ रही हैं। यह फिल्म 1 मई को देश भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई, जबकि इसका ट्रेलर 28 अप्रैल को एंटरटेन रंगीला और भोजपुरी सिनेमा टीवी के यूट्यूब चैनल से रिलीज होगा।

इस फिल्म के निर्माता निशांत उज्जवल हैं, जो पहले भी कई सफल प्रोजेक्ट्स के जरिए अपनी पहचान बना चुके हैं। उनका कहना है कि यह फिल्म सिर्फ मनोरंजन ही नहीं, बल्कि परिवार और रिश्तों की गहराई को भी खूबसूरती से दिखाएगी। निर्देशक अजय झा के निर्देशन में बनी इस फिल्म की कहानी और संवाद अरबिंद तिवारी ने तैयार किए हैं, जो दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ने का दम रखते हैं।

फिल्म का फर्स्ट लुक पारंपरिक और आधुनिक मूल्यों के मेल को दिखाता है, जिसमें आम्रपाली दुबे का किरदार एक मजबूत, संवेदनशील और पारिवारिक महिला के रूप में उभरकर सामने आता है। यह फिल्म विशेष रूप से उन दर्शकों को ध्यान में रखकर बनाई गई है, जो सिनेमा में पारिवारिक भावनाओं और संस्कारों को देखना पसंद करते हैं।




गर्मियों के फैशन का मतलब फ्लोरल प्रिंट्स और चटक रंग ही माना जाता है। बारीक कढ़ाई से लेकर ट्रेंडी फ्यूजन वियर और शादी-ब्याह के ग्लैमर तक लेटेस्ट कलेक्शन में गर्मियों के हर मौके के लिए स्टाइल्स मौजूद हैं। 'इंडियन सागा' बारीक कढ़ाई और सिलुएट्स को एक ट्रिब्यूट है, जबकि 'रनवे चिक' एजी प्रिंट्स वाला फ्यूजन वियर है और 'द वेडिंग ड्रामा' शादी के फैशन की भव्यता को समर्पित है।

# जोधा स्टाइल गोल्ड रिंग के लेटेस्ट डिजाइंस

अगर आप अपने हाथों को रॉयल और ट्रेडिशनल लुक देना चाहती हैं, तो जोधा स्टाइल गोल्ड रिंग एक बढ़िया ऑप्शन है। ये न केवल आपके हाथों को खूबसूरत दिखाएंगे बल्कि आपके लुक को भी जबरदस्त बना देंगे। हम आपको कुछ लेटेस्ट और यूनिक डिजाइन के जोधा रिंग दिखाने जा रहे हैं।

खूबसूरत दिखने की चाहत भला किसे नहीं होती है। लड़कियां तो सुंदर दिखने के लिए अच्छा मेकअप करती हैं और अच्छे आउटफिट्स भी पहनती हैं, लेकिन सिर्फ यही काफी नहीं है। एसेसरीज भी उतना ही जरूरी होता है। ऐसे में सबसे पहले लोगों की नजर हाथों पर ही जाती है। अगर आप भी अपने हाथों को रॉयल और ट्रेडिशनल लुक देना चाहती हैं, तो जोधा स्टाइल गोल्ड रिंग एक बढ़िया ऑप्शन है।

ये अंगूठियां अपने हेवी और बारीकी से किए गए काम के लिए फेमस हैं, जो पहनने पर आपको किसी रानी जैसा लुक देंगी। इससे आपकी खूबसूरती भी निखर कर सामने आएगी। हम आपको अपने इस लेख में कुछ लेटेस्ट डिजाइन के जोधा रिंग दिखा रहे हैं।



### कुंदन और स्टोन वर्क वाली जोधा रिंग

ये राउंड शेप की बड़ी अंगूठी आपके हाथों को एक रॉयल और ट्रेडिशनल लुक देगी। इसमें गोल्डन बेस पर बारीकी से कुंदन और चमकते स्टोन से काम किया गया है। आप इसे किसी भी शादी या पार्टी में पहनेंगी तो आपका लुक बहुत ही ग्रेसफुल नजर आएगा।

### एंटीक गोल्ड नक्काशी वाली जोधा रिंग

ये प्योर गोल्ड जैसी चमक और बारीक नक्काशी वाली अंगूठी बहुत ही क्लासी लग रही है। इसके बीच में बना फूलों वाला डिजाइन और किनारों पर छोटे-छोटे दानों का किया गया काम इसे एक ट्रेडिशनल लुक देगा। अगर आपको हैवी ज्वेलरी पहनना पसंद है तो ये विंटेज स्टाइल रिंग आपके हाथों की शोभा बढ़ा देगा।

### व्हाइट स्टोन स्टडेड जोधा रिंग

अगर आपको चमक-धमक पसंद है, तो ये व्हाइट स्टोन वाली बड़ी अंगूठी आपके लिए बेस्ट रहेगी। इसका डिजाइन एक खिलते हुए फूलों की तरह लग रहा है। इसमें लगा स्टोन भी इस रिंग की खूबसूरती बढ़ाने का काम कर रहा है। ये रिंग न केवल ट्रेडिशनल आउटफिट्स पर खूब अच्छा लगेगा बल्कि इंडो-वेस्टर्न ड्रेसेस पर भी इसकी खूबसूरती बरकरार रहेगी। दुल्हन के हाथों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए ये मल्टीकलर स्टोन वाली बड़ी अंगूठी भी बेस्ट है। इसमें बीच में गुलाबी और ग्रीन स्टोन का बहुत सुंदर काम किया गया है।

# असली मधुबनी साड़ी को पहचानिए निखर जाएगी आपकी खूबसूरती



अगर आपको हैंडमेड और ट्रेडिशनल साड़ियों का शौक है, तो मधुबनी साड़ी का नाम तो आपने जरूर सुना होगा। पहली नजर में ये साड़ी इतनी खूबसूरत लगती है कि कोई भी इसे खरीदने का मन बना ले, लेकिन सच बात तो ये है कि मार्केट में अब इसके नाम पर कई प्रिंटेड और मशीन से बनी साड़ियां भी मिलने लगी हैं। इसलिए अगर आप मधुबनी साड़ी खरीदने जा रही हैं तो असली-नकली की पहचान जरूर कर लें। हमारे यहां भारत के ज्यादातर राज्यों में साड़ियां वहां की संस्कृति की झलक दिखाती हैं। ऐसे में अगर आपको हैंडमेड और ट्रेडिशनल साड़ियों का शौक है, तो मधुबनी साड़ी का नाम तो आपने जरूर ही सुना होगा। पहली नजर में ये साड़ी इतनी खूबसूरत लगती है कि कोई भी बिना इसे खरीदे रह ही न पाए, लेकिन कई लोग इसकी असली-नकली में पहचान नहीं कर पाते हैं। इससे पैसे तो खर्च होते ही हैं, साड़ी भी आपको नकली मिल जाती है। मार्केट में अब मधुबनी के नाम पर कई प्रिंटेड और मशीन से बनी साड़ियां भी मिलने लगी हैं, जो दिखने में तो मिलती-जुलती हैं, लेकिन असली मधुबनी नहीं होती हैं। असल बात तो ये है कि असली मधुबनी साड़ी की पहचान थोड़ी अलग होती है। अगर आप भी असली साड़ी खरीदना चाहती हैं, तो आपको इसके बारे में बारीकी से जानना चाहिए।





### मधुबनी साड़ी होती क्या है?


मधुबनी नाम सुनकर आपके मन में भी बहिार का ही ख्याल आ रहा होगा। जी हां, आप बल्कुिल सही सोच रही हैं। इस साड़ी का इतिहास बिहार के मिथिला इलाके से जुड़ा है। इन साड़ियों पर मधुबनी पेंटिंग की जाती है, जो एक बहुत पुरानी कला है और अभी तक चली आ रही है। मधुबनी साड़ियां हस्तकला का खूबसूरत उदाहरण हैं, जिसमें कपड़े पर सीधे पेंटिंग की जाती है। पहले ये कला दीवारों पर बनाई जाती थी, लेकिन धीरे-धीरे इसे कपड़ों, खासकर साड़ियों पर भी बनाया जाने लगा।

# चूड़ीदार पजामा सिलवाते समय इन बातों का रखें ध्यान, सूट का लुक नहीं होगा खराब

सलवार-सूट पहनना हम सभी पसंद करते हैं। वहीं बोरिंग और सिंपल सलवार की जगह हम कमीज के साथ में पजामी को पहनना पसंद करते हैं। पजामी में चूड़ीदार डिजाइन को सबसे ज्यादा पहना जाता है। वहीं इसे आप कई तरह से कस्टमाइज भी कर सकते हैं। अक्सर चूड़ीदार पजामी में हमें मनचाही फिटिंग नहीं मिल पाती है, जिसके कारण हमारा पूरा लुक बिगड़ सकता है। आपको चूड़ीदार पजामी सिल्वाने के आसान टिप्स और इन्हें स्टाइल करने के आसान हैक्स जरूर जानना चाहिए।

कैसे दें चूड़ीदार पजामी को परफेक्ट फिटिंग?

चूड़ीदार पजामी को परफेक्ट लुक देने के लिए आप इसके आसन को थोड़ा थोड़ा रखें। इसके अलावा बॉडी फिटेड पजामी बनवाने से बचें। पजामी में ज्यादा चूड़ी बनाना चाहती हैं तो इसकी लेंथ को अपनी हाइट से ज्यादा लंबा रखें। वहीं इसे पहनने से पहले आप पैरों में थैली को बांध लें और फिर चूड़ीदार पजामी को पहनें। परफेक्ट फिटिंग पाने के लिए आप इसे हल्का लूज ही बनवाएं। ऐसा करने से आपको उठने-बैठने में आरामदायक महसूस होगा।



### चूड़ीदार पजामी को फैंसी लुक कैसे दें?

चूड़ीदार पजामी को स्टाइलिश लुक देने के लिए आप पोंचे में रफल डिजाइन बनवा सकती हैं। इसके अलावा आप पजामी के पोंचे में अलग-अलग तरह की लेस भी लगवा सकती हैं। लेस में आपको गोटा-पत्तो लेस, किनारी लेस जैसी कई कलरफुल डिजाइन भी देखने को मिल जाएंगे।

चूड़ीदार पजामी के साथ में आप कमीज के लिए अनारकली या कलीदार स्टाइल की कुर्ती को पहन सकते हैं। फ्लोर लेंथ कमीज के साथ में भी चूड़ीदार पजामी को पहना जा सकता है।

# जंपसूट के साथ अपनाइए ऐसे फुटवियर, लोग करेंगे तारीफ

इन दिनों जंपसूट काफी ट्रेंड में है और महिलाएं घूमने या किसी पार्टी के दौरान जंपसूट पहनना काफी पसंद करती हैं। जंपसूट एक परफेक्ट आउटफिट हैं जहां इस आउटफिट में आप काफी कंफर्टेबल रहती हैं तो स्टाइलिश लुक के लिए जंपसूट परफेक्ट ऑप्शन है लेकिन महिलाएं इस आउटफिट के साथ किसी तरह के फुटवियर पहने इस बात को लेकर काफी परेशान रहती हैं। वहीं अगर आप इस बात को लेकर परेशान हैं कि जंपसूट के साथ किस तरह का फुटवियर पहने या कन्फ्यूज्ड हैं इस तरह के जंपसूट के साथ कौन से फुटवियर पहने तो इस आर्टिकल की मदद से आप अपने आउटफिट के साथ एक परफेक्ट फुटवियर का चुनाव कर सकती हैं।

### स्ट्रैपी हील्स

अगर आप किसी पार्टी या दोस्तों के साथ घूमने जा रही हैं तो स्ट्रैपी हील्स वियर कर सकती हैं। इस तरह की हील्स जहां इस आउटफिट के साथ परफेक्ट रहेगी तो वहीं अगर आप डार्क कलर या ब्लैक कलर का आउटफिट पहन रही हैं तो आप इस रेड, ग्रीन, व्हाइट कलर की स्ट्रैपी हील्स पहन कटी हैं। ये स्ट्रैपी हील्स आपको आसानी से बाजार में मिल जाएँगी साथ ही ऑनलाइन भी आप इन स्ट्रैपी हील्स को खरीद सकती हैं।

### मीडियम हील्स सैंडल



अगर आपको हील्स पहनना पसंद हैं तो आप जंपसूट के साथ मीडियम हील्स सैंडल पहन सकती हैं। वहीं मीडियम हील्स सैंडल में लाइट कलर के सैंडल के चुनाव कर सकती हैं। अगर आप डार्क कलर का जंपसूट पहन रही हैं या फिर डार्क कलर का मीडियम हील्स सैंडल इन दोनों आउटफिट के साथ पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन है। वहीं इस तरह मीडियम हील्स सैंडल आप ऑनलाइन या फिर ऑफलाइन दोनों ही जगहों से सस्ते दाम में खरीद सकती हैं और ये सैंडल आपको कम दाम में मिल जायेगा।

### स्क्वायर हील्स सैंडल

अगर आप कुछ न्यू ट्राई का सोच रही हैं तो आप इस तरह के सैंडल पहन सकती हैं। ये सैंडल फ्लैट्स की तरह हैं लेकिन इसमें हील्स भी हैं। इस तरह के हील्स लाइट और डार्क दोनों ही कलर के जंपसूट के साथ बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं।

## कार्नर न्यूज

परफेक्ट लुक के लिए इन दिनों हाफ स्लीव्स शर्ट्स से बेहतर कुछ नहीं

# गर्मी में हर फैशनेबल लड़के को पहननी चाहिए स्टाइलिश हाफ स्लीव्स शर्ट्स, मौसम के साथ स्टाइल भी खूब जमेगी

हाफ स्लीव्स शर्ट्स गर्मी के दिनों के लिए ही बेहतर मानी जाती हैं। गर्मियों के फैशन ट्रेंड्स में भी हाफ शर्ट्स की डिमांड खूब दिख रही है क्योंकि इनको किसी भी बॉटम वियर के साथ आसानी से मैच कर सकते हैं। लेकिन परफेक्ट लुक के लिए हाफ स्लीव्स शर्ट्स की गाइड पढ़नी जरूरी है। क्योंकि केवल हाफ शर्ट की करने से बात नहीं बनने वाली। अधिकतर उम्रदराज पुरुषों इस तरह की शर्ट्स अपनाते है। इसलिए भी कई लड़के हाफ शर्ट पहनने से कतराते हैं। फिलहाल इस परेशानी को दूर करने के लिए आपको यहां पर कुछ स्टाइलिश हाफ स्लीव्स शर्ट्स की जानकारी दे रहे हैं।

### ट्राइब प्रिंटेड शर्ट्स

अगर हाफ स्लीव शर्ट्स स्टाइलिश और नॉर्मल से थोड़ी हटकर हो तो हर किसी का पहनने का मन करेगा। इस तरह के प्रिंट देखने में काफी मनमोहक लगते हैं।



### बैंड कॉलर शर्ट्स

शर्ट्स के कॉलर लुक को निखारने के काम करते हैं। इसलिए इस तरह की कॉलर स्टाइल वाली हाफ स्लीव शर्ट पहनें। इनको पहनते वक्त कॉलर बटन जरूर बंद करें।

### हाफ स्लीव प्रिंटेड शर्ट

वैसे तो प्रिंट में कई डिजाइन की शर्ट्स मिलेंगी लेकिन आप गर्मी के लिए इस तरह की हाफ स्लीव शर्ट्स ट्राय करें। इनका कलर और डिजाइन सुकून देने वाला है।

### मैप प्रिंट हाफ स्लीव शर्ट

मैप प्रिंट हाफ स्लीव शर्ट सामान्य शर्ट्स की तुलना में अच्छी दिखती हैं। इस स्टाइल की शर्ट्स को कहीं भी पहनकर जा सकते हैं।

### क्यूबन कॉलर शर्ट्स

क्यूबन कॉलर वाली शर्ट्स को पहनना बहुत कम लोग पसंद करते हैं। लेकिन जिन्हें गले और सीने के पास थोड़ा खुलापन चाहिए वे इस स्टाइल वाली शर्ट पहनते हैं।

### लीफ प्रिंट शर्ट्स

फ्लोरल और लीफ प्रिंट शर्ट्स में बहुत अधिक अंतर नहीं है। लेकिन आपको केवल पत्तों का प्रिंट चाहिए तो ये शर्ट सही रहेगी।

### स्ट्राइप्ड शर्ट

स्ट्राइप्ड शर्ट लंबे समय से हम पहनते आ रहे हैं। मगर यहां पर दी गई हाफ स्लीव शर्ट में थोड़ा नयापन दिख रहा है। इसलिए लेटेस्ट ट्रेंड को पसंद करने वालों के लिए ये सही है।

